RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-162 | जयपुर, बुधवार, 10 दिसम्बर 2025 | मूल्य-4 रूपये

# बुमराह ने लगाई विकेटों की सेंचुरी, टी20 में भारत ने साउथ अफ्रीका को रौंदा

कटक

कटक के बाराबती स्टेडियम में टीम इंडिया ने पांच मैचों की सीरीज के पहले टी20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 101 रनों से रौंद दिया है. हार्दिक पांड्या की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों का जलवा रहा और उन्होंने 12.3 ओवर में मैच खत्म कर दिया. पूरी साउथ अफ्रीकी टीम 74 के स्कोर पर सिमट गई. चार गेंदबाजों ने दो-दो विकेट चटकाए और एक टीम की तरह भारत ने जीत से शुरुआत की.




भारतीय गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए कटक के बाराबती स्टेडियम में साउथ अफ्रीका को 74 के स्कोर पर लुढ़का दिया और पहला टी20 मुकाबला 101 रनों से जीत लिया. भारत के चार गेंदबाजों ने आपस में दो-दो विकेट बांट लिए और साउथ अफ्रीका की वाट लगा दी. अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट चटकाए. हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को एक-एक सफलता मिली. दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे अधिक 22 रन डेवाल्ड ब्रेविस ने बनाए, जिन्हें आउट कर बुमराह ने टी20 में अपना 100 विकेट पूरा किया. 14-14 रन कप्तान एडेन मार्करम और ट्रिस्टन स्टब्स के बल्ले से निकले. सात बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए और दो बैटर शून्य के स्कोर पर आउट हुए. 12.3 ओवर में भारत ने जीत दर्ज कर ली.

## हार्दिक पांड्या का दिखा मास्टरक्लास

इससे पहले हार्दिक पांड्या ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारतीय पारी को संवारा और मंगलवार को कटक के बाराबती स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी 20 आई में भारत को 175/6 के स्कोर तक पहुंचाया. एक चुनौतीपूर्ण चरण में बल्लेबाजी करने उतरे पांड्या ने 28 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 59 रन बनाए. अधिकांश बल्लेबाज मुश्किल सतह पर नहीं चल पाए, लेकिन ऑलराउंडर ने बल्लेबाजी को सहज बना दिया और दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर जोरदार हमला किया. टॉस जीतने के बाद, दक्षिण अफ्रीका ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का विकल्प चुना था.

## चोट के बाद अच्छी नहीं रही गिल की वापसी

भारत को शुरुआती झटका तब लगा जब उप-कप्तान शुभमन गिल ने एक बार फिर निराश किया. वह लुंगी एनगिडी की गेंद पर चौका लगाने के तुरंत बाद 4 रन बनाकर आउट हो गए. अच्छे टच में दिख रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव भी जल्द ही इसी तरह आउट हो गए, जिससे एनगिडी को अपना दूसरा विकेट मिला. सूर्या 12 रन बनाकर पवेलियन लौटे. अभिषेक शर्मा अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और 17 रन बनाकर लुथो सिपामला की गेंद पर आउट हो गए. इसके बाद तिलक वर्मा और अक्षर पटेल ने पारी को संभालने की कोशिश की और वर्मा के 26 रन पर आउट होने से पहले 30 रन की साझेदारी की.

इस पारी के दौरान, वर्मा ने 1000 टी20आई रनों का आंकड़ा भी पार किया, अब उनके 37 मैचों में 46.45 की औसत और 143.74 की स्ट्राइक रेट से 1022 रन हो गए हैं, जिसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं. पंड्या 11.4 ओवर में भारत के 78/4 स्कोर पर आए और तुरंत गति बदली।

इंडिगो संकटः सरकार का इंडिगो पर कड़ा एक्शन

# सरकार ने इंडिगो की उड़ानों में 10% कटौती की, 10 बड़े एयरपोर्ट पर आईएएस भेजे

नई दिल्ली

सरकार का इंडिगो पर कड़ा एक्शन; एयरलाइन की उड़ानों में 10% की कटौती, सीईओ बोले- हमें माफ कर दो

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में लगातार 8 दिन से चल रहे संकट के बीच सरकार ने एयरलाइन पर सख्त एक्शन लिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो एयरलाइन की उड़ानों में 10% कटौती करने का कड़ा निर्देश दिया है। पिछले हफ्ते क्रू रोस्टर, फ्लाइट शेड्यूल और संचार की कमी जैसे आंतरिक कुप्रबंधन के कारण यात्रियों को हुई भारी असुविधा को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मंत्रालय का मानना है कि एयरलाइन के संचालन को स्थिर करने और रद्दीकरण की घटनाओं को कम करने के लिए यह कटौती जरूरी है। हालांकि, इस कटौती के बावजूद इंडिगो अपने सभी मौजूदा गंतव्यों पर उड़ानें जारी रखेगी।



इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को मंगलवार को विमानन मं मंत्रालय में तलब किया गया, जहां उन्होंने हालात को स्थिर करने के लिए किए जा रहे उपायों पर अपडेट दिया। सीईओ ने पुष्टि की है कि 6 दिसंबर तक प्रभावित उड़ानों के लिए 100% रिफंड की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मंत्रालय ने शेष रिफंड और यात्रियों के फंसे हुए सामान को जल्द से जल्द सौंपने के सख्त निर्देश दिए हैं। इंडिगो को किराया सीमा और यात्री सुविधा उपायों सहित मंत्रालय के सभी निर्देशों का बिना किसी अपवाद के पालन करने को कहा गया है। नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी दी।

## मंजूर उड़ानों के मुकाबले कम संचालन

*डीजीसीए की ओर इंडिगो को जारी आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि विंटर शेड्यूल के तहत नवंबर 2025 के लिए एयरलाइन को प्रति सप्ताह 15,014 प्रस्थान और कुल 64,346 उड़ानों की मंजूरी दी गई थी। हालांकि, परिचालन आंकड़ों से पता चलता है कि इंडिगो केवल 59,438 उड़ानें ही संचालित कर पाई। नवंबर में एयरलाइन की 951 उड़ानें रद्द की गईं।*

## इंडिगो सीईओ बोले- अब हमारे ऑपरेशन स्टेबल

इंडिगो के CEO पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को कहा कि इंडिगो फिर से पटरी पर आ गया है और हमारा ऑपरेशन स्टेबल है। लाखों कस्टमर्स को उनका पूरा रिफंड मिल गया है। हम रोजाना ऐसा कर रहे हैं। हम अपने नेटवर्क में सभी 138 जगहों पर वापस आ गए हैं और सरकार के साथ कोऑपरेट कर रहे हैं।

## ICSI ने कंपनियों ने मजबूत गवर्नेंस की अपील की

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के ऑपरेशंस में गड़बड़ी पर कंपनी सेक्रेटरी की शीर्ष संस्था ICSI ने इसे गवर्नेंस में कमी का उदाहरण बताते हुए कंपनियों से मजबूत कॉर्पोरेट गवर्नेंस अपनाने की अपील की। संस्था ने कहा कि बेहतर गवर्नेंस से जोखिम पहले पहचानकर समय पर दखल और पारदर्शी कम्युनिकेशन हो सकता है।

ICSI के अध्यक्ष धनंजय शुक्ला ने कहा कि इंडिगो की घटना कॉर्पोरेट्स और प्रोफेशनल्स के लिए सबक है कि वे ऐसे ढांचे बनाएं जो शेयरहोल्डर वैल्यू के साथ पब्लिक भरोसा भी बनाए रखें।

पीएम मोदी से मिले सत्या नडेला का एलान

# भारत में एआई इन्फ्रास्ट्रचर के लिए 1.5 लाख करोड़ का निवेश करेगा माइक्रोसॉफ्ट

नई दिल्ली

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में एक नए युग की शुरुआत का संकेत देते हुए, टेक दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में अपने अब तक के सबसे बड़े निवेश की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक अहम बैठक के बाद, माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्या नडेला ने बुधवार को एलान किया कि कंपनी भारत में 1.5 लाख करोड़ रुपये (लगभग 17.5 बिलियन डॉलर) का निवेश करेगी।

यह एशिया में माइक्रोसॉफ्ट का अब तक का सबसे बड़ा सिंगल इन्वेस्टमेंट है। माइक्रोसॉफ्ट का यह फैसला बताता है कि दुनिया में तकनीक के मामले में भारत का कद तेजी से बढ़ रहा है। बैठक के बाद सत्या नडेला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा नडेला ने लिखा, ' बुधवार शाम को हुई इस मुलाकात ने न केवल भारत-अमेरिका तकनीकी



संबंधों को मजबूत किया है, बल्कि भारत की एआई महत्वाकांक्षाओं को नई उड़ान दी है। भारत में एआई अवसरों पर एक प्रेरणादायक बातचीत के लिए धन्यवाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी। देश की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए, माइक्रोसॉफ्ट 17.5 अरब डॉलर (लगभग 1.5 लाख करोड़) के निवेश का वादा रहा है- यह एशिया में हमारा अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। यह निवेश भारत के 'एआई-फर्स्ट भविष्य' के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे, कौशल और संप्रभु क्षमताओं के निर्माण में मदद करेगा।

एआई की बात आती है तो दुनिया भारत को लेकर आशान्वित

नडेला के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'जब बात एआई की आती है तो दुनिया भारत को लेकर आशान्वित है। सत्या नडेला के साथ बहुत ही उत्पादक चर्चा हुई। यह देखकर खुशी हो रही है कि भारत वह स्थान बन रहा है जहां माइक्रोसॉफ्ट एशिया में अपना सबसे बड़ा निवेश करेगा। भारत के युवा इस अवसर का उपयोग नवाचार करने और एक बेहतर ग्रह के लिए एआई की शक्ति का लाभ उठाने में करेंगे।' माइक्रोसॉफ्ट की ऐतिहासिक घोषणा का स्वागत करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की युवा शक्ति और नवाचार क्षमता पर भरोसा जताया।

# स्लीपर बस और ट्रक की टक्कर में तीन की मौत, 18 घायल

सीकर

राजस्थान के सीकर जिले के फतेहपुर क्षेत्र में मंगलवार देर रात को बड़ा सड़क हादसा हो गया। जिले में फतेहपुर-बीकानेर हाईवे पर स्लीपर बस और ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

फतेहपुर सदर थाना SHO सुरेंद्र देगड़ा के अनुसार स्लीपर बस बीकानेर से जयपुर की ओर जा रही थी, जबकि ट्रक जयपुर की ओर से बीकानेर की तरफ आ रहा था। इसी दौरान दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई।

हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों के शव फतेहपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। वहीं इस दुर्घटना में 18 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को तुरंत फतेहपुर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 18 में से 7 गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए सीकर रेफर किया गया है। अन्य घायलों का उपचार फतेहपुर अस्पताल में जारी है।

गुजरात में 6 साल की बच्ची से निर्भया जैसी दरिंदगी

# रेप में नाकाम रहने पर गुप्तांग में रॉड डाल दी, आरोपी गिरफ्तार

राजकोट

गुजरात में राजकोट जिले के अटकोट में निर्भया कांड जैसी घटना सामने आई है। आरोपी ने छह साल की बच्ची से बलात्कार की कोशिश की। नाकाम रहने पर उसने बच्ची के गुप्तांग में रॉड डाल दी। बच्ची को राजकोट के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान के लिए करीब 100 संदिग्धों से पूछताछ की। इसके बाद रामसिंह तेरसिंह की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मध्य प्रदेश के अलीराजपुर का रहने वाला है।

## मुंह दबाकर दुष्कर्म का प्रयास

दाहोद जिले का एक मजदूर परिवार अटकोट थाना अंतर्गत एक गांव के पास खेत में मजदूरी करता है। 4 दिसंबर को जब परिवार खेत में काम कर रहा था, तब उनकी छह साल, आठ महीने की बेटी वहीं खेल रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति बच्ची को उठाकर ले गया और उसके साथ दरिंदगी की।

आरोपी ने बच्ची का मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। जब बच्ची चीखी तो उसने बच्ची के गुप्तांग में रॉड जैसा धारदार हथियार डाल दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी लहूलुहान बच्ची को वहीं छोड़कर फरार हो गया।

जब परिजनों ने बच्ची की तलाश शुरू की, तो वह पास में ही खून से लथपथ मिली। बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उसे तुरंत राजकोट के अस्पताल ले गए। बच्ची का फिलहाल इलाज चल रहा है।

## 10 टीमें बनाकर 100 संदिग्धों से पूछताछ

राजकोट ग्रामीण एसपी विजयसिंह गुर्जर ने बताया कि पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया। साथ ही 10 टीमें बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। करीब 100 संदिग्धों से पूछताछ की गई।

फिर करीब 10 आरोपियों को बाल विशेषज्ञ के साथ बच्ची के सामने पेश किया गया, जहां बच्ची ने मुख्य आरोपी 30 वर्षीय रामसिंह तेरसिंह की पहचान की, इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी गुजरात के अटकोट में राजमिस्त्री का काम करता है। उसके एक बेटी और दो बेटे हैं। आरोपी को घटना वाले खेत के बगल वाले खेत से पकड़ा गया है।

# राजस्थान में शीतलहर की चेतावनी, शेखावाटी में रहेगा ज्यादा असर

## तापमान 1 डिग्री से नीचे आने की संभावना

जयपुर

राजस्थान में एक बार फिर से कोल्ड-वेव (शीतलहर) का दौर शुरू होगा। कोल्ड-वेव का प्रभाव 10 दिसंबर से महसूस होने लगेगा। शीतलहर का ज्यादा असर शेखावाटी जिलों और उसके आस-पास के एरिया में देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग ने इसके लिए 4 जिलों सीकर, चूरू, झुंझुनूं और नागौर में 2 दिन का यलो अलर्ट जारी किया है। तापमान में भी 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट देखने को मिल सकती है।

इसके अलावा राजस्थान के सभी हिस्सों में मौसम अगले एक सप्ताह तक साफ रहेगा और जबकि सीकर, चूरू, झुंझुनूं और नागौर को छोड़कर अन्य शेष स्थानों पर कोल्ड-वेव से राहत रहेगी।

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का प्रभाव सोमवार से खत्म हो गया। राज्य के सभी शहरों में सोमवार को आसमान बिल्कुल साफ रहा और तेज धूप निकली। पाली, कोटा, बारां, पिलानी, जयपुर समेत कुछ शहरों में तेज धूप रहने से तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई।

# शाह बोले-वंदे मातरम् का विरोध गांधी परिवार के खून में

## नेहरू ने 1937 में 2 हिस्सों में बांटा, गीत न बंटता तो देश भी न बंटता

नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों में इस अमर कृति पर विमर्श आने वाली पीढ़ियों को इसके वास्तविक महत्व, गौरव और राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति भक्ति, कर्तव्य और समर्पण की भावना का शाश्वत प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में देश की आत्मा को जागृत किया। शाह ने कहा



कि उस दौर में वंदे मातरम् देश को आजाद कराने का कारण बना था और अमृतकाल में यह देश को विकसित तथा महान बनाने का नारा बनेगा।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि वंदे मातरम् पर चर्चा को बंगाल चुनाव से जोड़ने वाले लोग इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को कम आंकने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि यह विषय राजनीति से परे राष्ट्रीय गौरव का विषय है। गृहमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् की प्रासंगिकता उसकी रचना के समय भी थी, आजादी के आंदोलन में भी थी, आज भी है और 2047 में विकसित भारत के निर्माण के समय भी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जहां भी देशभक्त एकत्र होते थे, उनकी हर बैठक की शुरुआत वंदे मातरम् के साथ होती थी। आज भी सीमा पर जब वीर जवान सर्वोच्च बलिदान देते हैं, तब उनकी जुबान पर एक ही शब्द होता है–वंदे मातरम। अमित शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद में जब वंदे मातरम् का गान होता है, तब इंडी गठबंधन के कई सदस्य सदन से बाहर चले जाते हैं।

उन्होंने 1992 का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भाजपा सदस्य राम नाईक की पहल और लालकृष्ण आडवाणी के आग्रह पर लोकसभा में वंदे मातरम् का सामूहिक गान फिर शुरू हुआ, तब भी कई विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया था। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति ने राष्ट्रीय गीत को भी बांट दिया। शाह ने कहा, मेरे जैसे कई लोगों का मानना है कि अगर कांग्रेस ने तुष्टीकरण की नीति के तहत वंदे मातरम् को दो हिस्सों में नहीं बांटा होता, तो देश का विभाजन नहीं होता और भारत आज भी पूरा होता। शाह ने कहा कि जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष पूरे हुए, तब देश अभी आजाद नहीं हुआ था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद इसकी स्वर्ण जयंती के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसे दो अंतरों तक सीमित कर दिया, जिसे उन्होंने तुष्टीकरण की शुरुआत बताया। गृहमंत्री ने वंदे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक महत्ता और इसके राष्ट्रीय प्रभाव का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवंबर 1875 को इस रचना को पहली बार सार्वजनिक किया, और कुछ ही समय में यह उत्कृष्ट साहित्यक कृति से आगे बढ़कर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणास्रोत और राष्ट्रजागरण का मंत्र बन गई।

# जयपुर में हाईकोर्ट को उड़ाने की धमकी, ढाई घंटे दहशत

## बम स्क्वॉड ने खाली कराई बिल्डिंग

## अफरा-तफरी मची, लगातार दूसरे दिन दहशत

जयपुर

जयपुर में राजस्थान हाईकोर्ट को लगातार दूसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मंगलवार सुबह करीब 9.43 बजे रजिस्ट्रार सीपीसी को मेल आया था।

धमकी की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत बिल्डिंग खाली करा ली। मौके पर बम स्क्वॉड को बुलाकर जांच शुरू की गई। इस दौरान बाहर भीड़ जमा हो गई। मौके पर कई सीनियर पुलिस अधिकारी भी पहुंचे।

पिछले 40 दिनों में हाईकोर्ट को यह चौथी धमकी मिली है। आज भी




सभी सुनवाई को स्थगित कर दिया गया है। करीब ढाई घंटे तक चले सर्च के बाद जांच एजेंसियों ने दोपहर 12.30 बजे बिल्डिंग के सुरक्षित होने की जानकारी दी। इसके वकीलों व अन्य लोगों को अंदर जाने दिया गया।


बम की धमकियों के कारण लगातार कोर्ट का काम प्रभावित हो रहा है। इससे वकीलों और जजों में नाराजगी है। पुलिस अभी तक मेल करने वाले को ट्रेस नहीं कर पा रही है। जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## साइबर सेल को सौंपी गई है जांच

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार फर्जी ई-मेल भेजने वाले की पहचान के लिए साइबर सेल को जांच सौंपी है। प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, प्रवेश-निरीक्षण बढ़ाने और निगरानी प्रणाली को आधुनिक बनाने पर विचार किया जा रहा है।

## राहुल गांधी मानहानि केस- परिवादी की गवाही दर्ज, आज भी होगी जिरह

सुलतानपुर (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि प्रकरण में लोकसभा में नेतापक्ष कांग्रेस के राहुल गांधी के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में सोमवार को परिवादी के गवाह की गवाही दर्ज की गई। परिवादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय के अनुसार गवाह रामचंद्र दूबे अदालत में उपस्थित हुए, जिनकी मुख्य गवाही दर्ज की गई।



इसके बाद बचाव पक्ष के वकील ने गवाह से जिरह शुरू की, किंतु जिरह पूर्ण न होने पर अदालत ने शेष जिरह के लिए कल नौ दिसंबर की तारीख तय की है। गौरतलब है कि यह मामला वर्ष 2018 का है। चार अगस्त को कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि वाद दायर किया था। आरोप है कि राहुल गांधी ने बेंगलुरु की एक जनसभा में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे आहत होकर परिवादी ने अदालत शरण ली। कोर्ट ने मामले में 27 नवंबर 2023 को राहुल गांधी को तलब किया था। राहुल गांधी ने 20 फरवरी 2024 को पेश होकर जमानत कराई थी। बाद में 25 जुलाई को उनका बयान दर्ज हुआ था, जिसमें उन्होंने इस मुकदमे को राजनीतिक साजिश बताया था। अब गवाह रामचंद्र दूबे से बचाव पक्ष की शेष जिरह पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## पालघर पुलिस स्टेशन में महिला से दुष्कर्म, आरोपी कांस्टेबल गिरफ्तार

पालघर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में कासा पुलिस स्टेशन के एक 40 वर्षीय कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया है। घटना पिछले सप्ताह थाने में तब हुई जब पीड़िता को बयान दर्ज कराने के बहाने बुलाया गया था। पीड़ित महिला की शिकायत के अनुसार, कांस्टेबल ने थाने में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। मामले के सामने आते ही पुलिस विभाग ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कर रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। कासा पुलिस स्टेशन के इंचार्ज को भी इस मामले के बाद ट्रांसफर कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारी पूरे मामले की जांच की निगरानी कर रहे हैं।

## गिर सोमनाथ में भूकंप के हल्के झटके, किसी नुकसान की खबर नहीं

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमवार सुबह 10:51 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.1 दर्ज की गई। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमों ने बताया कि अब तक कहीं से किसी प्रकार के नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं मिली है। अधिकारियों के अनुसार भूकंप का केंद्र गिर सोमनाथ क्षेत्र के निकट था। झटके महसूस होने के कारण लोग बड़ी संख्या में घरों से बाहर नहीं निकल आए। फिलहाल किसी प्रकार के जान-माल के नुक्सान की कोई सूचना नहीं है। फिर भी प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। भूकंप के झटके और खतरे को लेकर भू-विज्ञान विशेषज्ञों का कहना है कि 3.1 तीव्रता के झटके सामान्य माने जाते हैं और इनमें गंभीर नुकसान की संभावना बेहद कम होती है। इसके बावजूद संबंधित विभाग सतर्कता के साथ सभी पहलुओं की निगरानी कर रहे हैं।

## ऑल वेदर रोड के खिलाफ उतरा संघ... 7 हजार देवदार के पेड़ों को काटने का विरोध

उत्तरकाशी (एजेंसी)। उत्तराखंड में केन्द्र और राज्य सरकार की महत्वकांक्षी गंगोत्री हाईवे परियोजना यानी ऑल वेदर रोड के खिलाफ संघ यानी आरएसएस खुलकर विरोध में आ गया है। संघ के सह-सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने परियोजना के तहत 7 हजार देवदार के पेड़ों को काटने का विरोध किया है। इसके बाद उत्तरकाशी के हर्षिल में 100 से ज्यादा लोगों ने देवदार के पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधा। इसका समर्थन देने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती भी पहुंचे। पर्यावरण जानकार ने बताया कि ये पेड़ भागीरथी इकोनॉमिक सेंसेटिव जोन में काटे जाएंगे, जिससे गंगा का पानी सूख जाएगा। इसका असर पूरे उत्तर भारत में देखने को मिलेगा और बर्फबारी में कमी होगी। इसी साल नवंबर में उत्तराखंड के वन विभाग के अनुसार, ऑल वेदर रोड के कारण 41.92 हेक्टेयर वन क्षेत्र का नुकसान होगा, इसमें कई देवदार के पेड़ भी शामिल हैं। इससे पहले बताया गया था कि 900 किलोमीटर लंबी परियोजना में कुल 56 हजार से ज्यादा पेड़ काटे होने थे, जिनमें से लगभग 36,000 पेड़ पहले ही काटे जा चुके थे।

## प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ते 34 मछुआरे गिरफ्तार, दो नौकाएं भी जब्त

कोच्ची (एजेंसी)। ओडिशा के वन अधिकारियों ने केंद्रपाड़ा जिले के गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य से 34 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और दो नौकाएं भी जब्त किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि ये गिरफ्तारियां पिछले 48 घंटों में की गईं। आरोप है कि मछुआरे प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे थे। भितरकनिका के सहायक वन संरक्षक ने बताया कि अभयारण्य के निषिद्ध क्षेत्रों में पहुंचे मछुआरों की नौकाएं वन गश्ती दलों ने जब्त कर ली हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार मछुआरे बालासोर और मयूरभंज जिलों के निवासी हैं। बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। नौकाएं अभयारण्य के प्रतिबंधित गलियारों तक घुस आईं और उन्होंने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, ओडिशा समुद्री मत्स्य विनियमन अधिनियम और समुद्री अभयारण्य से जुड़े अनिवार्य नियमों का उल्लंघन किया। ओलिव रिडले समुद्री कछुओं के प्रजनन क्षेत्रों में मछली पकड़ने के आरोप में अब तक करीब 200 मछुआरों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें राज्य सरकार ने लुप्तप्राय ओलिव रिडले कछुओं के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए एक नवंबर से धामरा से देवी नदी के मुहाने तक 20 किलोमीटर के इलाके में सात महीने के लिए मछली पकड़ने पर बैन लगा दिया है। हालांकि, गहिरमाथा को समुद्री अभयारण्य का दर्जा प्राप्त होने के कारण यहां यह प्रतिबंध पूरे साल लागू रहता है।

# अच्छे कानून बनाने के लिए सांसद व्हिप से मुक्त हो, कांग्रेस नेता तिवारी ने पेश किया निजी बिल

**भविष्य में वे सांसद पार्टी लाइन से हटकर वोट कर सकें**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने सांसदों को व्हिप की बाध्यता को कम करने के लिए लोकसभा में एक निजी बिल पेश किया है। इसमें उन्होंने प्रस्ताव दिया है कि अच्छे कानून बनाने के लिए सांसदों को व्हिप से मुक्त करे, ताकि भविष्य वे पार्टी लाइन से हटकर भी सांसद वोट कर सकें।

शुक्रवार को दलबदल रोधी कानून में संशोधन के लिए गैर-सरकार विधेयक पेश करने वाले कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा कि बदलाव से सांसद जनता की आवाज के मुताबिक फैसला होगा, न कि सिर्फ पार्टी आदेशों के मुताबिक होगा। कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा कि इसका इरादा अच्छे कानून बनाना और लोकतंत्र में सांसदों की आजाद राय सुनिश्चित करना है। ताकि वे पार्टी लाइन का पालन किए बिना अपने विवेक से किसी भी बिल-प्रस्ताव पर वोट करने या न करने का फैसला ले सकें।

फिलहाल यदि सांसद पार्टी व्हिप के खिलाफ जाकर वोट करते हैं, तब उनकी सदस्यता खतरे में आ जाती है, लेकिन बिल से सांसदों की सदस्यता सिर्फ तभी खत्म होगी, जब वे विश्वास-अविश्वास प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव, मनी बिल या वित्तीय मामलों पर पार्टी निर्देश के खिलाफ वोट दें या अनुपस्थित रहें। किसी बिल या प्रस्ताव पर जारी पार्टी निर्देश की जानकारी हाउस के चेयरमैन या स्पीकर सदन में घोषित करते है। यदि कोई सदस्य निर्देश के खिलाफ जाता है, तब सदस्यता स्वतः समाप्त होगी। सदस्य को 15 दिनों के भीतर स्पीकर/चेयरमैन के पास अपील करने का अधिकार होगा और अपील का निपटारा 60 दिनों में होना चाहिए। कांग्रेस सांसद तिवारी ने कहा कि संसद में कई बार कोरम पूरा नहीं होता और लॉमेकिंग में सांसदों की भूमिका सीमित हो गई है। कानून मंत्रालय में तैयार होते हैं, मंत्री तैयार बयान पढ़ते हैं और व्हिप के कारण ट्रेजरी और विपक्ष दोनों तयशुदा लाइन पर वोट करते हैं। उन्होंने कहा कि 1950 से 1985 तक व्हिप लगाए जाते थे, लेकिन वे बाध्यकारी नहीं थे। 1967 में 'आया राम गया राम' की घटनाओं के बाद दलबदल बढ़ा और आखिर में तब के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 10वां शेड्यूल लागू किया।

## पटना में जेडीयू ऑफिस के बाहर पोस्टर... अब पार्टी की कमान संभालें निशांत




पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत की राजनीति में एंट्री को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। राजधानी पटना स्थित जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के दफ्तर के बाहर पोस्टर लगे हैं, जिन पर लिखा है, अब पार्टी की कमान संभालें निशांत और नीतीश सेवक मांगें निशांत। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने भी निशांत के राजनीति में आने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी सदस्य और समर्थक चाहते हैं कि निशांत पार्टी में शामिल हों, लेकिन अंतिम फैसला निशांत को ही लेना है। राजधानी पटना में ये पोस्टर तब समय पर सामने आए हैं जब जदयू ने राज्य में 2025 से 2028 तक के लिए सदस्यता अभियान की शुरुआत की है। बात दें कि निशांत कुमार नीतीश कुमार और मंजू सिन्हा के इकलौते बेटे हैं। उन्होंने सेंट केरन्स (पटना), मानव भारती इंडिया इंटरनेशनल स्कूल (मसूरी) और बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटीआई) मेसरा से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की शिक्षा ली है। 2017 में उन्होंने राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं होने की बात कही थी और कहा था कि उनका पहला प्यार आध्यात्म है। हालांकि, इस साल जनवरी में वह बख्तियारपुर में एक कार्यक्रम में नजर आए थे और पिता के लिए समर्थन जुटा रहे थे। यह घटनाक्रम दिखाता है कि जदयू के भीतर और समर्थकों के बीच निशांत को सक्रिय राजनीति में लाने की मांग बढ़ रही है।

## मस्जिद की नींव हुमायूं ने नहीं, ममता बनर्जी ने रखी... वह ड्रामा कर रही

**केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का टीएमसी पर आरोप**



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद की नींव रखने को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सवाल उठा दिए हैं। भाजपा के आरोप हैं कि सीएम ममता अपने नेताओं और सांसदों से ही इसके खिलाफ बयान दिला रही हैं। तृणमूल कांग्रेस ने विधायक हुमायूं कबीर को निलंबित कर दिया है। उन्होंने मुर्शिदाबाद जिले में मस्जिद की नींव रखी थी।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, हुमायूं ने नहीं, ममता बनर्जी ने नींव रखी हैं, और वह ड्रामा कर रही हैं और अपने नेताओं और सांसदों से इसके खिलाफ बयान दिलवा रही हैं। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा, ममता बंगाल की धरती को हिंदू मुसलमान में बांटने के लिए ये बाबरी मस्जिद हिडन एजेंडा के रूप में कबीर के द्वारा इन्होंने लाया है। इसका विरोध पूरे देश में जिस ढंग से अब दूसरी जगह हो रहा है। ममता बनर्जी को इसकी सजा भुगतनी पड़ेगी।

केंद्रीय मंत्री सिंह ने संसद में होने वाली चर्चा पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, अगर भारत के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर में वंदे मातरम् पर चर्चा नहीं होगी, तब कहां होगी? वंदे मातरम् अपनी 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। आजादी का यह गीत बंगाल की धरती से था, इस पर चर्चा होनी चाहिए। यह भारत की विरासत है...।

रिपोर्ट्स के अनुसार, टीएमसी से निलंबित होने के बाद अब कबीर नई पार्टी बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इसे लेकर वह 22 दिसंबर को बड़ी घोषणा कर सकते हैं। खबरें थीं कि मस्जिद की नींव रखने के प्रस्ताव के बाद से ही सीएम बनर्जी विधायक से नाराज थीं। हालांकि, पार्टी ने इस लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।

# तमिलनाडु में 84 लाख से ज्यादा वोटर्स के कट सकते हैं नाम, 11 दिसंबर तक जमा होंगे फार्म

**-मध्यप्रदेश में 14.88 लाख ऐसे वोटर जिनके नाम 2003 की लिस्ट से नहीं हो मैच**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के फॉर्म 11 दिसंबर तक जमा होंगे। इस बीच तमिलनाडु में अब तक मिले डेटा से पता चलता है कि मसौदा मतदाता सूची से 84 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कट सकते हैं। राज्य में अब तक 84.91 लाख एन्यूमरेशन फॉर्म अनकलेक्टेबल श्रेणी में हैं यानी इन फॉर्म को अलग-अलग कारणों से इकठ्ठा नहीं किया सकता है। इसमें अधूरी जानकारी होना, 2003 की लिस्ट में नाम न मिलना, वोटर की मौत या शिफ्ट हो जाना प्रमुख कारण हैं।

वहीं बंगाल में शुक्रवार तक अनकलेक्टेबल एन्यूमरेशन फॉर्म की संख्या 54.59 लाख थी यानी इनके नाम वोटर्स लिस्ट से कटने की आशंका है, जबकि केरल में जिन वोटरों का पता नहीं चल रहा है, जो मर चुके हैं या स्थायी रूप से शिफ्ट हो गए हैं। उनकी संख्या बढ़कर 20 लाख से ज्यादा हो गई है।

दरअसल बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू हुआ है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा।

तमिलनाडु में 16 दिसंबर को प्रकाशित होने वाली मसौदा मतदाता सूची से इन नामों को हटाया जा सकता है। यह आंकड़ा राज्य के कुल 6.41 करोड़ मतदाताओं का 13.24फीसदी है। इसमें 44.22 लाख फॉर्म हमेशा के लिए शिफ्ट श्रेणी में हैं। वहीं 26.18 लाख को मृत, 10.73 लाख को अनुपस्थित और 3.5 लाख को डुप्लीकेट श्रेणी में रखा गया है। हालांकि मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा है कि प्रक्रिया अभी चल रही है। ये डेटा फाइनल नहीं है। केरल में अनकलेक्टेबल की लिस्ट में 20.75 लाख लोग हैं। इसमें से 7.39 लाख स्थायी रूप से शिफ्ट हो गए हैं। 6.11 लाख फॉर्म ऐसे लोगों के हैं, जो मर चुके हैं। वहीं 5.66 लाख का पता नहीं चला है। 1.12 लाख नाम डुप्लीकेट हैं। वहीं पश्चिम



बंगाल में 23.71 लाख डेथ वोटर्स, 10.25 लाख लापता, 19.08 लाख शिफ्टेड और 1.26 लाख डुप्लीकेट वोटर्स शामिल हैं।

मध्यप्रदेश में 14.88 लाख ऐसे वोटर पाए गए हैं, जिनके नाम 2003 की वोटर लिस्ट से मैच नहीं हो रहे। इनका कोई लिंक न तो ब्लड रिलेशन से मिल रहा है और न ही वोटर लिस्ट में नाम दर्ज है। ऐसे वोटरों के नाम कटना तय माना जा रहा है। निर्वाचन आयोग के अफसरों ने सभी जिला प्रशासन को नो-मैपिंग वाले वोटरों की क्रॉस-चेकिंग करने की हिदायत दी है, ताकि नोटिस जारी करने में कोई समस्या न आए।

चुनाव आयोग ने 30 नवंबर को एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसंबर तक चलेगा, जो पहले 4 दिसंबर तक तय था। वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा।

# सिद्दारमैया को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस: चुनावी वादों पर भ्रष्ट आचरण का आरोप

**-चुनाव लड़ने से रोकने की मांग**



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को सुप्रीम कोर्ट ने वरुणा सीट से उनके 2023 के चुनाव के खिलाफ दायर एक याचिका पर नोटिस जारी किया है। याचिका वरुणा क्षेत्र के मतदाता शंकरा ने दायर की है, जिसमें निम्नलिखित की मांग की गई है कि सिद्दारमैया का चुनाव रद्द किया जाए। उन्हें अगले छह साल तक चुनाव लड़ने से रोका जाए।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में जो पांच वादे किए थे, वे मतदाताओं को रिश्वत देने के समान हैं। यह घोषणापत्र सिद्दारमैया की सहमति से जारी हुआ था, इसलिए उन पर भ्रष्ट आचरण का मामला बनता है। इतना ही नहीं याचिकाकर्ता ने इन वादों को भ्रष्ट आचरण बताकर कहा है कि इनसे पुरुषों के साथ भेदभाव हुआ, जो संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। प्रत्येक घर को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, प्रत्येक महिला मुखिया को 2,000 रुपए प्रतिमाह, प्रत्येक बीपीएल परिवार के सदस्य को 10 किलो अनाज प्रतिमाह, बेरोजगार ग्रेजुएट्स को 2 साल तक 3,000 रुपए प्रतिमाह, डिप्लोमा धारकों को 1,500 रुपए प्रतिमाह और राज्य में सभी महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा।

### हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का रुख

कर्नाटक हाईकोर्ट ने अप्रैल में याचिका को यह कहकर खारिज कर दिया था कि चुनाव में किए गए वादे करप्ट प्रैक्टिस (भ्रष्ट आचरण) की श्रेणी में नहीं आते। सुप्रीम कोर्ट (जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच) ने शुरुआत में बेंच ने याचिका खारिज करने की इच्छा जाहिर की है। हालांकि, अदालत को तमिलनाडु के लंबित मामले (एस. सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु सरकार, 2013) की जानकारी दी गई, जिसमें समान चुनावी वादों को भ्रष्ट आचरण माना जाए या नहीं, इस पर तीन न्यायाधीशों की बेंच के सामने चुनौती लंबित है। इसी कारण, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में भी सुनवाई की अनुमति दी और सिद्दारमैया तथा अन्य पक्षों को जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया। यह मामला भारतीय राजनीति और चुनावी नियमों के बीच एक महत्वपूर्ण कानूनी बहस बन गया है। सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई में यह तय होगा कि चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों को कानूनी रूप से भ्रष्ट प्रैक्टिस माना जा सकता है या नहीं।

# बीकानेर बार्डर पार करने की कोशिश कर रहे छात्र को सुरक्षाबलों ने पकड़ा, जासूसी का शक

**-पाकिस्तान के रावलपिंडी में रहती है प्रेमिका, 2017 में जेल में हुई थी मुलाकात**

**बीकानेर (एजेंसी)।** राजस्थान के बीकानेर के खाजूवाला सेक्टर में सुरक्षाबलों ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास पाकिस्तान में घुसने की कोशिश करते हुए आंध्र प्रदेश के एक बीटेक ग्रेजुएट छात्र को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम प्रशांत वेदम है, जो विशाखापट्टनम का रहने वाला है। उसने सुरक्षा एजेंसियों को बताया कि वह पाकिस्तान में रहने वाली अपनी प्रेमिका से मिलने सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। वह एक बार पहले भी बॉर्डर पार कर पाकिस्तान जा चुका है।

मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि प्रशांत वेदम शुक्रवार दोपहर को खाजूवाला में एक बस से उतरा और इंटरनेशनल बॉर्डर की चला गया, तभी आर्मी कैंप के चक 17 के पास सैनिकों को उसका व्यवहार संदिग्ध लगा और उन्होंने उसे रोक लिया। थोड़ी देर पूछताछ के बाद उन्होंने उसे खाजूवाला पुलिस को सौंप दिया। खाजूवाला एसएचओ के मुताबिक प्रशांत वेदम खुलेआम पाकिस्तान जाने की बात कर रहा था और सीमा पार करने का आसान रास्ता ढूंढ रहा था। आर्मी इंटेलिजेंस को इसकी जानकारी मिली और उसे तुरंत पकड़ लिया। जांच अधिकारियों को शक है कि वह पाकिस्तान लौटने की कोशिश कर रहा था, उसके पाकिस्तान जाने का असली मकसद पूछताछ के बाद ही पता चलेगा। एसएचओ ने कहा कि अब उससे आर्मी और सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ करेंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला कि यह प्रशांत वेदम की पहली कोशिश नहीं थी। वह पहले 2017 में बीकानेर में करणी पोस्ट के रास्ते पाकिस्तान गया था। उस समय उसे पाकिस्तानी सेना ने गिरफ्तार कर लिया था और वह 2021 तक उनकी हिरासत में रहा था, जिसके बाद उसे अटारी बॉर्डर के रास्ते भारत भेज दिया गया। दोबारा यात्रा करने की उसकी कोशिश ने उसके बयान पर शक पैदा कर दिया है और आर्मी को भी उसके दावों पर शक है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एसएचओ ने बताया कि वह दावा कर रहा है कि उसे पाकिस्तान में एक महिला से प्यार हो गया था जिसे वह अपनी गर्लफ्रेंड प्रविता बता रहा है जो दूसरी सेल में जेल में थी जो रावलपिंडी में रहती है। प्रशांत ने पुलिस को बताया है कि वह उससे मिलने के लिए पाकिस्तान वापस जा रहा था। यह साफ नहीं है कि वह अभी भी उस लड़की के संपर्क में था या नहीं। अधिकारी ने बताया कि आंध्र प्रदेश में प्रशांत के परिवार को सूचना दे दी गई है और उसका भाई अधिकारियों की मदद के लिए खाजूवाला आने के लिए निकल गया है। उसके भाई ने बताया कि प्रशांत वेदम को कुछ मानसिक स्वास्थ्य समस्या है।

रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि प्रशांत बीटेक ग्रेजुएट है। वह चीन और अफ्रीका में भी काम कर चुका है। पुलिस ने बताया कि प्रशांत को अब खाजूवाला में सेफ हाउस में रखा गया है, जहां अलग-अलग खुफिया एजेंसियां उससे मिलकर पूछताछ कर रही हैं ताकि यह पता चल सके कि यह सीमा पार जासूसी का मामला तो नहीं है।

# फ्लिपकार्ट के लाखों रुपये के पार्सल चोरी के आरोप में डिलीवरी बॉय गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** प्रताप नगर पुलिस ने फ्लिपकार्ट से ग्राहकों को डिलीवर किए गए लाखों रुपये के पार्सल चोरी करने के आरोपित डिलीवरी बॉय सूजल उर्फ भोलू पुत्र किशन शर्मा को गिरफ्तार किया। चोरी के दौरान आरोपी की हरकतें कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आरोपित सातलियास गांव का निवासी है जो अभी आजाद नगर में रह रहा है।

### लगातार शिकायतों के बाद खुला मामला

प्रताप नगर थाने के सहायक उप निरीक्षक रामेश्वरलाल तेली ने बताया कि पुराने बापूनगर निवासी राज वीरेंद्र सिंह राठौड़, जो फ्लिपकार्ट के भीलवाड़ा मैनेजर हैं, ने शिकायत दी थी कि कई ग्राहकों के ऑनलाइन ऑर्डर किए गए सामान की डिलीवरी नहीं हो रही थी।

### ट्रैकिंग और सबूत

मैनेजर राठौड़ ने गायब पार्सल की सूची और ऑफिस में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई। जांच में पता चला कि 30 नवंबर की दोपहर सूजल ने कई पार्सल चोरी किए थे। इनमें मोबाइल, शूज, टीशर्ट, जैकेट और घड़ियां शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत लाखों रुपये बताई गई है।



### शिकायत पर हुई पुलिस कार्रवाई

6 दिसंबर को मैनेजर राठौड़ ने सूजल के खिलाफ प्रताप नगर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपी की तलाश में ट्रैप कार्रवाई की और 10,000 रुपए लेते हुए उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### बरामदगी के प्रयास, आरोपित से पूछताछ

पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे 11 दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया। पुलिस अब आरोपी से चुराए गए सभी पार्सल बरामद करने के लिए पूछताछ कर रही है।



# अपनी बेटी की मुख्यमंत्री राज श्री योजना की तीसरी किस्त के 4 हजार की राशि के लिए 4 वर्षो से दर-दर भटक रहा गरीब पिता

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** राज्य सरकार द्वारा बेटियों को आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री राजश्री योजना एक गरीब परिवार के लिए संघर्ष का कारण बन गई है। खामोर निवासी भंवर लाल पिता छोगा लाल जाट अपनी पुत्री विशाखा जाट की तीसरी किस्त पाने के लिए पिछले कई वर्षों से शिक्षा विभाग, विद्यालय प्रशासन और शिकायत पोर्टलों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। विशाखा जाट का जन्म 13 अगस्त 2016 को सेटेलाइट हॉस्पिटल शाहपुरा में हुआ था। योजना के अंतर्गत पहली और दूसरी किस्त के 2500-2500 रुपये समय पर मिल चुके, परन्तु प्रथम कक्षा में नियमित प्रवेश पर मिलने वाली तीसरी किस्त 4,000 रुपये आज तक नहीं मिली,जबकि बालिका वर्तमान में पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत है।परिजनों ने बताया कि सत्र 2021-22 में ही बेटी के अध्ययनरत विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, घरटा, तहसील बनेड़ा में सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करवा दिए गए थे और शाला दर्पण पोर्टल पर पूरा रिकॉर्ड सही ढंग से दर्ज कर दिया गया था। जब लंबे समय तक किश्त नहीं आई, तो परिवार ने विद्यालय में लिखित रूप से शिकायत देकर जानकारी मांगी, जिस पर स्कूल प्रशासन ने बताया कि उनके स्तर से रिपोर्ट पहले ही 'लॉक' कर दी गई है, यानी स्कूल की सभी औपचारिकताएं पूरी होकर फाइल संबंधित विभाग को भेजी जा चुकी है। इसके बाद भी भुगतान नहीं हुआ और कोई अधिकारी यह बताने को तैयार नहीं है कि राशि आखिर अटकी कहां है।निराश पिता ने समाधान की आस में 181 हेल्पलाइन पर 10 से 12 बार शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला, वास्तविक समाधान नहीं निकला। गरीब परिवार आज भी चार हजार रुपये की तीसरी किश्त के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।भंवर लाल का कहना है कि सरकारी दिशा-निर्देश बताते हैं कि मुख्यमंत्री राजश्री योजना में बालिकाओं को जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक कुल 50 हजार रुपये तक की सहायता किस्तों में दी जाती है। नियम यह कहता है कि प्रथम कक्षा में नियमित प्रवेश होते ही विद्यालय द्वारा शाला दर्पण पोर्टल पर रिपोर्ट लॉक की जाती है और इसके पश्चात विभागीय सत्यापन के बाद डीबीटी प्रणाली के माध्यम से राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में स्वतः ट्रांसफर की जानी चाहिए। नियमों के अनुसार परिवार को इसके लिए अलग से कोई आवेदन नहीं देना पड़ता और न ही किसी अतिरिक्त प्रक्रिया से गुजरना होता है,परंतु भंवर लाल जाट के मामले में यह पूरी प्रक्रिया बेअसर साबित हो रही है।भंवर लाल का दर्द है कि 'जब नियम के अनुसार सब कुछ पूरा हो चुका है, तो फिर मेरी बेटी की 4 हजार की राशि क्यों नहीं मिली।उनका कहना है कि जब तीसरी किश्त ही नहीं मिल पा रही,तो छठी कक्षा में प्रवेश पर मिलने वाली चौथी किश्त को लेकर भी भरोसा डगमगा गया है।परिवार ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से गुहार लगाई है कि मामले का तुरंत संज्ञान लेकर नियमों के तहत लंबित तीसरी किस्त जारी करवाई जाए, ताकि पात्र बालिका विशाखा जाट को उसका वैधानिक अधिकार मिल सके और एक गरीब पिता को अपने ही हक के लिए यूं भटकना न पड़े।

सादगी और सामाजिक सुधार की मिसाल

## पिता की अंतिम इच्छा पर परिवार ने मृत्यु भोज नहीं करने का संकल्प दोहराया



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

मारू भाम्बी विकास सेवा संस्थान भीलवाड़ा के परामर्शदाता दयाराम मारू के देहावसान के बाद परिवार ने मृत्युभोज नहीं करने का संकल्प लिया।उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए उनके पुत्र नारायण लाल मारू एवं समस्त परिवार ने घोषणा की कि वे पारंपरिक रूप से किए जाने वाले मृत्यु भोज,गंगोज व मिठाई युक्त भोज का आयोजन किसी भी परि-स्थिति में नहीं करेंगे।परिवारजनों ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से किसी भी मृत्यु भोज में शामिल नहीं हुए लेकिन शोकसभा में जरूर सम्मिलित होते है।मंगलवार को ग्राम ऊँचा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मारू भाम्बी विकास सेवा संस्थान भीलवाड़ा, बुनकर समाज कल्याण समिति भीलवाड़ा, ओसवाल फॉस्कोम इंडिया लिमिटेड, श्री चारभुजा गोपाल गौशाला संस्था पहुँना (जिला चित्तौड़गढ़), शिक्षक साथी, ऊँचा के गणमान्यजनों सहित पंचायत समिति राशमी के प्रधान दिनेश कुमार बुनकर तथा अनेक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सभा में नारायण लाल मारू ने अपने पिता की अंतिम इच्छा को पुनः दोहराते हुए कहा कि परिवार समाज में रूढ़िवादी मृत्यु भोज परंपरा को समाप्त करने की दिशा में आगे भी प्रयास करता रहेगा।सभा में मौजूद सभी वरिष्ठों,गणमान्यजनों एवं संस्थाओं ने इस निर्णय की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से सक्षम होते हुए भी मृत्यु भोज नहीं करना एक उत्तम सामाजिक संदेश है और इससे आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा मिलेगी।उपस्थित जनों ने परिवार का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यह संकल्प सभी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। सादगी, सामाजिक जागरूकता और कुप्रथाओं के अंत हेतु दिया गया यह संदेश गांव और समाज में नई सोच को जन्म देगा।

# विजयनगर थाना क्षेत्र में तैनात 112 के वाहन चालक पर अज्ञात बदमाशो ने की फायरिंग

### पेट में लगी गोली चालक गंभीर रूप से घायल

स्मार्ट हलचल|विजयनगर

ब्यावर के विजयनगर क्षेत्र में सोमवार देर रात एनएच-48 पर रात्रि गश्त कर रहे 112 वाहन चालक पर अज्ञात बदमाशों द्वारा फायरिंग की सनसनीखेज घटना सामने आई। बताया गया कि विजयनगर थाना क्षेत्र में तैनात निजी वाहन चालक सीताराम को पेट के नीचे गोली लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद टीम ने तुरंत उसे प्राथमिक उपचार दिलाया, जिसके बाद उसे अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल रेफर किया गया। चिकित्सक फिलहाल सीताराम का इलाज कर रहे हैं, और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।



विजयनगर थाना प्रभारी करण सिंह खंगारोत ने बताया कि घटना उस समय हुई, जब पुलिस गश्त के दौरान दो संदिग्ध बाइक सवार युवकों को रात में घूमने के कारण रोककर पूछताछ की जा रही थी। इस पर युवक भड़क गए और अचानक सीताराम पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी फैल गई। पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी की कोशिश की, लेकिन दोनों आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, गोली करीब कमर के नीचे लगी, जिससे सीताराम लहूलुहान होकर गिर पड़ा।

फायरिंग करने वाले अज्ञात बदमाशों की तलाश के लिए कई पुलिस टीमें गठित कर हाईवे पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। एनएच-48 पर लगे सीसीटीवी टोल नाकों पर उपलब्ध कैमरा फुटेज और आसपास के एरिया की रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी खंगारोत ने बताया कि एक हमलावर की पहचान कर ली गई है, और पुलिस उसके ठिकानों पर दबिश दे रही है और जल्द ही दोनो आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## बारात में चाकूबाजी से हुए मर्डर के दो आरोपी गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल| जयपुर

पुलिस थाना कोतवाली सवाईमाधोपुर ने गत 30 नवम्बर को वहां के नीमली रोड पर एक शादी समारोह के दौरान हुई चाकूबाजी की घटना के बाद एक युवक की मौत के दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी दीपक बैरवा और मनोज मीना है। यह दुखद घटना उस समय हुई, जब देवली से आई बारात के सदस्य खाना खाकर वापस जाने लगे। बस में सीट पर बैठने को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। इस विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें चाकू के हमले से मनोज रैगर पुत्र बद्रीलाल रैगर निवासी देवली की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जबकि रवि पुत्र जगदीश भी इस हमले में घायल हो गए थे। घटना पर प्रकरण पंजीबद्ध किया था। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से वे पुलिस रिमांड पर हैं और मामले की गहनता से जाँच जारी है।गिरफ्तार किए गए आरोपी दीपक बैरवा पुत्र सुरेश बैरवा निवासी बंगाली कॉलोनी देवली और मनोज मीना पुत्र जगदीश मीना निवासी बंगाली कॉलोनी देवली है। जिनकी सोमवार को सवाई माधोपुर पुलिस ने गिरफ्तारी दिखाई है।

# खबर लगने के बाद प्रशासन जागा, समस्या का किया समाधान

'सरकारी विद्यालय बना तालाब, बच्चों की बढ़ी परेशानी ' शीर्षक के साथ प्रकाशित हुई थी खबर





स्मार्ट हलचल| शाहपुरा

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, रैगर बस्ती गेट परिसर में नहर का पानी भर जने से हालात तालाब जैसे बने हुए थे । स्कूल के प्रवेश मार्ग से लेकर मुख्य भवन तक कीचड़ फैलने से बच्चों और अभिभावकों के फिसलकर गिरने का खतरा लगातार बना हुआ था। पानी भराव की समस्या सिर्फ विद्यालय तक ही सीमित नहीं रही इसी परिसर में स्थित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भी पूरी तरह से प्रभावित हो रहा था, जिससे ब्लॉक के शिक्षकों और कर्मचारियों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था । यह समस्या जब स्मार्ट हलचल के पास पहुंची तो इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया और प्रशासन को अवगत करवाया जिसके बाद तुरंत ही प्रशासन हरकत में आया और जलभराव को खत्म कर समस्या का समाधान किया।

## नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालो पर कार्यवाही, काटे चालान



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

आसींद पुलिस ने मंगलवार को नियम विरुद्ध और यातायात नियमों की पालना नही करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया और चालान बनाए साथ ही नियमो का पालन करने के लिए लोगो को पाबंद किया । नेशनल हाइवे 158 पर यातायात नियमों की पालनार्थ विशेष अभियान चलाया गया । जिसके तहत सीट बेल्ट नही लगाने, बाइक पर हेलमेट नहीं पहनने, तेज रफ्तार में वाहन चलाने और शराब पीकर वाहन चलाने वालो के साथ ही बिना नंबरी वाहनों के चालान काट कर जुर्माना लगाया गया साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए सख्त हिदायत दी । आसींद थाने के सहायक उप निरीक्षक मुरली शर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया । शर्मा ने बताया की क्षेत्र में आए दिन हादसे हो रहे है बढ़ते हादसों को रोकने के लिए आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी और लोगो की यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

## साधारण सभा का पंचायत समिति सदस्य व सरपचो ने किया बहिष्कार

अब तक लगातार तीसरी बैठक हुई नाराजगी के चलते निरस्त

स्मार्ट हलचल

**माण्डलगढ़।** मांडलगढ़ पंचायत समिति के सदस्य व सरपचो द्वारा साधारण सभा का पंचायत समिति प्रशासन की नाराजगी के चलते लगातार 3 बैठकों का बहिष्कार किया गया है। सदस्यों का आरोप है कि पंचायत समिति के आला जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा पंचायत समिति मे जमकर भ्रष्टाचार कर रखा जिससे परेशान होकर कोई पंचायत समिति सदस्य व सरपंच साधारण सभा की अवहेलना कर रहे है और आज मंगलवार को लगातार तीसरी बैठक का बहिष्कार किया गया है। पंचायत समिति सदस्यों व सरपंचों द्वारा पंचायत समिति प्रशासन पर पचास प्रतिशत तक कमीशन हड़पने का आरोप जड़ा है। कमीशनबाजी से सभी सदस्य परेशान है। पंचायत समिति की ओर से कई ऐसे कार्य कराए गए जो मौके पर उपलब्ध नही है व उन कार्यो का भुगतान उठाया लिया गया है कई सरपंचों ने बताया कि क कि पंचायतों द्वारा पूर्व मे बोर मोटर 1लाख मे कराए थे लेकिन वर्तमान कार्मिकों व जिम्मेवारो द्वारा 2.20लाख रुपए खर्च कर नए बोर करके गए। काछोला पंचायत के नियम विरुद्ध 13पटे कि फाईल को अनुमोदन पंचायत समिति की बैठक में पारित कराने का उद्देश्य इन अधिकारियों का है जिसके चलते साधारण सभाओं का बोर्ड के सदस्यों द्वारा बहिष्कार किया जा रहा है ऐसे में इन अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के मंसूबे असफल होते दिख रहे है।

# बोरेला ग्राम पंचायत आसींद के पूर्व सरपंच वर्तमान प्रशासक कंचन गुर्जर को हटाने की मांग, भ्रष्टाचार और जालसाजी का आरोप

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

बोरेला ग्राम पंचायत आसीन्द गांव से वार्ड पंचों के साथ ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर भीलवाड़ा से मुलाकात करके पूर्व सरपंच एवं वर्तमान प्रशासक कंचन गुर्जर को पद से हटाने के क्रम में ज्ञापन दिया । कोली समाज के सचिव मुरलीधर कोली ने बताया कि वर्तमान प्रशासक एवं पूर्व सरपंच कंचन गुर्जर के विरुद्ध ग्राम वासियों द्वारा निरंतर जिला प्रशासन एवं मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल राष्ट्रपति महोदय आदि से उनके द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार एवं कई प्रकार की जालसाजी दस्तावेज बनाकर योजनाओं में पद एवं सरकारी राशि का दुरुपयोग करने के प्रकरण दर्ज करवाए गए



इससे पूर्व कंचन गुर्जर द्वारा पंचायत चुनाव 2020 में ओबीसी जाति से होते हुए भी अनुसूचित जाति वर्ग की जाती कोली जाति का फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर चुनाव जीत लिया गया जिसको 28 नवंबर वर्ष 2020 में तत्कालीन कलेक्टर शिव प्रकाश नकाते द्वारा निरस्त करके राज्य सरकार को सूचना दे दी गई थी मगर कंचन गुर्जर द्वारा बार-बार प्रशासन को गुमराह करके अब तक सरपंच कार्यकाल पूरा किया और अब प्रशासक पद पर रहते हुए भी भ्रष्टाचार कार्य कर रहे हैं उसको लेकर आज बोरेला ग्रामवासी जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू से मुलाकात करके जयपुर राज्य सरकार द्वारा सहायक शासन सचिव पंचायती राज विभाग जयपुर के पत्र क्रमांक 31520 दिनांक 18 नवंबर 2025 जिला परिषद को भेजे गए आदेश की पालना जिसमें स्पष्ट रूप से प्रशासक को पद से बर्खास्त करके हटाने की कार्यवाही करने निर्देश दिए गए उसकी पालना करने के लिए जिला कलेक्टर से मांग की गई ज्ञापन देने में बोरेला ग्राम पंचायत से कैप्टन पोखर लाल पोसवाल ,अम्बालाल गुर्जर वार्ड पंच, प्रभुलाल वार्ड पंच, प्रकाश चंद मेघवंशी, टीकम चंद मेवाड़ा, सत्यनारायण गुर्जर मेवा राम मेघवंशी, उगम लाल गुजर उद्योगपति भेरू नाथ योगी आदि उपस्थिति थे ।

## एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही, अवैध मादक पदार्थ का सप्लायर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

कोटड़ी थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए अवैध डोडा चूरा के सप्लायर को गिरफ्तार किया है इस मामले में पूर्व दो आरोपी गिरफ्तार हुए थे और पकड़ा गया आरोपी फरार चल रहा था । एसपी धर्मेन्द्र सिंह यादव द्वारा अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम व वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत राजेश कुमार आर्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व सुरेश कुमार डाबरिया के सुपरविजन में और थानाधिकारी महावीर प्रसाद कोटडी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। 18 अगस्त 2025 को उपनिरीक्षक थानाधिकारी बालकिशन पुलिस थाना काछोला ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा कुल 46 किलोग्राम जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जिस पर कार्यवाही करते हुए पूर्व में लादु लाल रेबारी व विनोद कुमार उर्फ भाउ को गिरफ्तार किया जा चुका हैं प्रकरण में अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा सप्लाईकर्ता



बाबूलाल प्रजापत उम्र 42 साल निवासी श्रीनगर थाना बेगू जिला चित्तौड़गढ़ वांछित होकर फरार चल रहा था जिसको गठित विशेष टीम ने डिटेन किया जिसे पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार किया ओर न्यायालय में किया गया। टीम में थानाप्रभारी महावीर प्रसाद, कांस्टेबल मनीष कुमार,मोतीराम, अर्जुन राम शामिल रहे।

# संगम मिल रायला में हार्ट अटैक से होमगार्ड की मौत; 4 मासूमों के सिर से उठा पिता का साया, 5 लाख का मुआवजा मिलने के बाद अंतिम संस्कार हुआ



स्मार्ट हलचल | रायला



रायला कस्बे के निकट स्थित संगम मिल में कार्यरत होमगार्ड जवान नंद लाल तेली (पिता लक्ष्मण तेली) निवासी धोली की मंगलवार को ड्यूटी के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से दुखद मृत्यु हो गई। 42 वर्षीय नंद लाल अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी असामयिक मौत ने न केवल स्थानीय ग्रामीणों को स्तब्ध कर दिया, बल्कि उनकी पत्नी, तीन बेटियों और एक छोटे बेटे को बेसहारा छोड़ दिया है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता गहरा गई है। जानकारी के अनुसार नंद लाल तेली पिछले दो वर्षो से संगम मिल में होमगार्ड की ड्यूटी कर रहे थे। मंगलवार मध्यरात्रि को ड्यूटी के दौरान उन्हें अचानक सीने में दर्द हुआ और दिल का दौरा पड़ा। मिल कर्मचारियों ने उन्हें आनन-फानन में रायला के निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद जब उन्हें घर वापस लाया जा रहा था, तभी रास्ते में उन्हें एक और गंभीर दिल का दौरा पड़ा, जो जानलेवा साबित हुआ। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना के बाद मिल प्रबंधन के एक कृत्य ने ग्रामीणों में भारी आक्रोश भर दिया। ग्रामीण भेरुलाल गुर्जर ने बताया कि मिल कर्मचारियों ने मृतक के गांव धोली के बजाय, बिना परिवार या किसी ग्रामीण को सूचित किए, शव को सीधे उनके ससुराल में छोड़कर चले गए। 5 लाख की सहायता राशि दिलाने के बाद हुआ अंतिम संस्कार, शव को ससुराल छोड़ने की खबर फैलते ही धोली गांव और आस-पास के ग्रामीणों में भारी गुस्सा भड़क उठा। आक्रोशित ग्रामीणों ने तत्काल मिल प्रबंधन से मृतक के परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग की। इस मुश्किल घड़ी में सरपंच संघ जिला अध्यक्ष शक्ति सिंह कालियास और सामाजिक कार्यकर्ता भैरूलाल गुर्जर जबरकिया ने तुरंत मोर्चा संभाला। उनके सक्रिय प्रयासों और मिल प्रबंधन के साथ कड़े विरोध के बाद लंबी बातचीत हुई। अंतत मिल प्रशासन ने पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करते हुए 5 लाख रुपये की सहयोग राशि का मुआवजा देने पर सहमति जताई। एक ग्रामीण ने भारी मन से बताया कि नंद लाल बहुत मेहनती और सीधे-सादे इंसान थे। वह मिल में काम करके ही अपने पूरे परिवार का भरण-पोषण करते थे। यह न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे गांव के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने आगे कहा कि उनके छोटे-छोटे बच्चों और पत्नी को अब कौन संभालेगा, यही सबसे बड़ी चिंता है। मुआवजे की सहमति और समाज के लोगों द्वारा परिवार को भविष्य में सहयोग देने के आश्वासन के बाद ही मृतक नंद लाल तेली का अंतिम संस्कार किया जा सका। स्थानीय लोग अब इस मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवार की हर संभव मदद के लिए एक अभियान चलाने की बात कर रहे हैं, ताकि मासूम बच्चों का भविष्य अंधकारमय न हो।

## रीको द्वारा भीलवाड़ा में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में 331 औद्योगिक भूखंडों का प्रत्यक्ष आवंटन प्रारंभ

स्मार्ट हलचल| भीलवाडा

रीको द्वारा भीलवाडा में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में 331 औद्योगिक भूखण्डों का प्रत्यक्ष आवंटन योजना (सातवाँ चरण) के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। रीको के वरि0 उपमहाप्रबन्धक एस.के. नेनावटी ने बताया की भीलवाडा में औद्योगिक क्षेत्र फतेहपुरा-समेलिया में 232 औद्योगिक भूखण्ड, औद्योगिक क्षेत्र करणपुरा में 42 औद्योगिक भूखण्ड, औद्योगिक क्षेत्र कान्याखेडी में 04 औद्योगिक भूखण्ड, औद्योगिक क्षेत्र उखलिया में 07 औद्योगिक भूखण्ड तथा औद्योगिक क्षेत्र पण्डेर (गुलाबपुरा), तहसील जहाजपुर में 17 औद्योगिक भूखण्ड आवंटन के लिए उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त प्रत्यक्ष भूखण्ड आवंटन योजना (सातवाँ चरण) के अन्तर्गत 03 नवीन औद्योगिक क्षेत्रों धुवालां, तहसील माण्डल में 14 औद्योगिक भूखण्ड, औद्योगिक क्षेत्र पीपलून्द, तहसील जहाजपुर में 06 औद्योगिक भूखण्ड तथा औद्योगिक क्षेत्र किडीमाल, तहसील करेडा में 07 औद्योगिक भूखण्ड आवंटन के लिए खोले गये है एवं औद्योगिक क्षेत्र फतेहपुरा-समेलिया में 02 लॉजिस्टिक भूखण्ड भी आवंटन के लिए उपलब्ध है।

राईजिंग राजस्थान के अन्तर्गत राज्य सरकार के साथ दिनांक 19.11. 2025 तक एमओयू निष्पादन करने वाले निवेशक इस योजना में भूखण्ड आवंटन के लिए पात्र है एवं भूखण्ड का आवंटन एमओयू धारक के नाम पर ही जारी किया जायेगा।

इच्छुक निवेशक को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से अमानत राशि 18 दिसंबर सायं 6.00 बजे तक जमा करानी होगी। एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया जायेगा।

आवेदक को 25 प्रतिशत राशि का भुगतान जमा कराने के बाद शेष 75 प्रतिशत राशि का भुगतान 11 त्रैमासिक किश्तां में 8.50 प्रतिशत ब्याज के साथ या 120 दिनां के भीतर ब्याज रहित भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। 25 प्रतिशत राशि जमा कराते ही भूखण्ड का आवंटन पत्र एवं भूखण्ड का कब्जा निवेशक को प्रदान कर दिया जायेगा। आवंटी जिला उद्योग एवं वाणिज्यिक केन्द्र द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकते है।

# यूआईटी के कियोस्क तोड़ने के आदेश का कांग्रेस ने किया विरोध

## बोले- इनसे आमजन की रोजी रोटी चलती है, जो खंडहर हैं उन्हें तोड़ा जाए

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा यूआईटी द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित पुराने कियोस्कों को खाली करने और उन्हें तोड़ने का आदेश जारी हुआ था। मंगलवार को बड़ी संख्या में कियोस्क संचालक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ यूआईटी पहुंचे। जो कियोस्क रेग्युलर चल रहे हैं उन्हें नहीं तोड़ने के लिए ज्ञापन दिया गया। संचालकों का कहना है कि इन कियोस्क से उनके घर की रोजी-रोटी चल रही है, इसलिए उन्हें नहीं तोड़ा जाए ओर जो खंडहर हो चुके हैं या उपयोग में नहीं आ रहे उनको तोड़ दें।

ज्ञापन देने आए पीसीसी मेंबर मनोज पालीवाल ने बताया कि शहर में जो समस्त कियोस्क है, उनको एक साथ तोड़ने का यूआईटी सेक्रेटरी ने जो आदेश जारी किया है अखबार के माध्यम से उसमें हम यह कहना चाहते हैं कि भीलवाड़ा शहर के ऐसे कियोस्क जिनमें व्यापार चल रहा है, उनको नहीं तोड़ा जाए उनको व्यापार करने का अवसर दिया जाए। राजस्थान सरकार हो या केन्द्र केंद्र सरकार हो वो गरीब आदमी को व्यापार करने देने, रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बनी है। इस तरीके से अगर आप आम लोगों को बेरोजगार करोगे तो कांग्रेस सहन नहीं करेगी और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। अगर आपको इसे कोई तकलीफ है या कोई गंदगी कर रहे हैं तो व्यवस्था सुधारने की बात की जानी चाहिए ना कि की उसको तोड़ने की। अगर फिर भी नगर निगम नहीं मानी तो सभी कियोस्क संचालक बड़ा आंदोलन करेंगे।



### 10 साल की अवधि के लिए दिए थे समय पूरा हो चुका है

यूआईटी सचिव ललित गोयल ने बताया की शहर के ये कियोस्क लगभग 25 साल पहले बनाए गए थे। 10 साल की अवधि के लिए आवंटित किए गए थे, जो अब पूरी हो चुकी है। अभियंताओं की ओर से मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ये कियोस्क अत्यधिक जर्जर और असुरक्षित स्थिति में हैं।

# सीने में दर्द होने के बाद ड्राइवर की अचानक मौत

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा (भीलवाड़ा)

शाहपुरा थाना क्षेत्र के कलिंजरी गेट चौराहे पर सोमवार अल सुबह एक ट्रक ड्राइवर की अचानक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा के बनडाखेड़ा से मक्का भरकर कालाडेरा (जयपुर) की ओर जा रहा था। वाहन का चालक रजाक मोहम्मद (निवासी इंद्रा कॉलोनी, दूदू) लगभग 3:15 से 3:30 बजे के बीच ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर चाय पीने जा रहा था, तभी अचानक उसके सीने में तेज दर्द हुआ और वह वहीं गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस कर्मियों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस बुलाकर उसे सरकारी अस्पताल शाहपुरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक ट्रक पर पिछले कई वर्षों से ड्राइवर के रूप में कार्यरत था। घटना की सूचना वाहन मालिक इकबाल शेख (निवासी निकाली गणेश, थाना दूदू) को पुलिस द्वारा दी गई, जो शाहपुरा पहुंच गए। शाहपुरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।



# कांग्रेस ने मनाया सोनिया गांधी का 77 वां जन्मदिन, बांटे फल-बिस्कुट



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** भीलवाड़ा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के 77 वे जन्मदिवस पर राजेंद्र मार्ग स्कूल में एक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 800 छात्रों को फल और बिस्कुट वितरित किए गए।

कार्यक्रम के आयोजकः जिला कांग्रेस कमेटी, भीलवाड़ा शहर जिलाध्यक्ष शिवराम (जी.पी.) खटीक के नेतृत्व में । कार्यक्रम में शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक संजय पेडीवाल,पीसीसी सदस्य मनोज पालीवाल, अनिल राठी, विश्वनाथ पाराशर,मोहम्मद हारून रंगरेज, शाबीर शेख, पार्षद वसीम शेख, निसार सिलावट,पार्षद श्याम लाल महोल्त्रा, राजकुमार पायक, गोरव शर्मा, गोपाल खटीक, पार्षद शिव प्रकाश घावरी, इरशाद अंलारी, अनिता पहाड़िया, इरफान शेख, शाबीर नीलगर, रोकी खोईवाल, जगदीश, शिव चंडेवाल, विषय, विकास, सागर राठोड़, सुनिल गोरण, जितेश, रमेश सरवान, राहुल चंदेल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष खटीक ने सभी कांग्रेसजनों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# क्षतिग्रस्त चंबल पाइप लाइन से व्यर्थ बह रहा है पानी



स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा।** उपखण्ड सर्किल के बबराणा ग्राम पंचायत के आमली गांव में चंबल परियोजना की पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने से सैकड़ों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। आमली गांव मंदिर के पास चम्बल कि पाइप लाइन के काफी से क्षतिग्रस्त होने के पेयजल सप्लाई के दौरान पानी के व्यर्थ बह जाने लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मगर फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# खेत में हादसे से मौत, मात्र एक हजार रुपये के दुर्घटना बीमा से परिवार को मिला बीस लाख रुपये का दावा

## धामनिया एसबीआई बैंक द्वारा मृतक की माता को सौपा बीस लाख का चैक

स्मार्ट हलचल| काछोला

तहसील मांडलगढ़ के गांव बदनपुरा निवासी एक व्यक्ति की अपने खेत में गाय को चारा डालते समय गाय के अचानक मारने से दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

दुख की इस घड़ी में राहत की बात यह रही कि धामनिया स्थित एसबीआई बैंक शाखा में उनके बचत खाते पर मात्र 1,000 के एक्सिडेंटल इन्सुरेंस के चलते उनकी माता नारायणी देवी को एसबीआई जनरल इन्सुरेंस की ओर से 20,00,000 (बीस लाख रुपए) का दावा स्वीकृत कर प्रदान किया गया है।

बीमा दावा प्रक्रिया में मुख्य प्रबंधक मनीष कुमार, शाखा प्रबंधक नरेश कश्यप, और बैंक स्टाफ सुबेह सिंह मीना, पंकज कुमार मीना, गोविंद सक्सेना,वर्चस्व मीना, बिराम लाल (गार्ड), योगेन्द्र शर्मा, शंकर लाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी से एरिया मैनेजर अमित शर्मा और बीडीएम लोकेश आचार्य ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए परिवार की सहायता सुनिश्चित की। ग्रामीणों ने बैंक व बीमा कंपनी द्वारा समय पर की गई मदद की सराहना की है।



# दो वाहन आपस में टकराने के बाद माहौल गरमाया, चालको में मारपीट



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

शहर के सर्किट हाउस के निकट मंगलवार दोपहर उस समय माहौल गरमा गया जब दो वाहन आपस में टकरा गए मौके पर हंगामा खड़ा हो गया और दोनो वाहन चालकों के बीच तनातनी हो गई इस दौरान मारपीट भी हुई वही इस दरमियान लोगो की भीड़ जमा हो गई और वाहनों का लंबा जाम लग गया ।

सूचना पर काफी देर बाद प्रताप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एक चालक को अपने साथ ले गई जबकी झगड़े में दूसरा चालक चोटिल हो गया । वही इस घटना क्रम से जाम के जो हालत बने उसमे वाहन चालक परेशान होते रहे एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेफिक पुलिस ने जाम को खुलवाया।

# सारण मठ समिति की कार्यकारीणी घोषितः बग्गड़ अध्यक्ष, मण्डावर मीडिया संयोजक नियुक्त

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

बरड़ वंशीय रावत राजपूत सारण ठिकाना पर सोमवार को रावत राजपूत समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।नवनियुक्त मीडिया संयोजक हुकम सिंह मण्डावर ने बताया कि बैठक में मठ को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु आयशजी महाराज श्री श्री 1008 नारायण वन जी के सानिध्य मे समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें बग्गड़ निवासी व भीम उप प्रधान नारायण सिंह को अध्यक्ष बनाया गया।उपाध्यक्ष पद पर मानक सिंह सारण, सचिव पूनम सिंह सूबेदार माथूवाड़ा,महामंत्री निर्मल सिंह, कोषाध्यक्ष राजू सिंह फुलाद, संयोजक सरवन सिंह सरपंच, युवा अध्यक्ष महावीर सिंह सारण तथा मुख्य संरक्षक गोपाल सिंह पीटीआई भीम व संरक्षक जीवन सिंह प्रधान बोरीमादा नियुक्त किए गए। सदस्यों में वन्नासिंह सूबेदार,हाल सिंह कुशलपुरा,राम सिंह बरार,प्रताप सिंह ठीकरवास,देवी सिंह लसानी, लक्ष्मण सिंह नाबरी,चंद्र सिंह दिवेर,लक्ष्मण सिंह छापली, ज्ञान सिंह काछबली, भगवान सिंह काछबली, अमरसिंह पीपलीनगर नियुक्त किए गए तथा अगली बैठक में कार्य समिति का विस्तार करते हुए 51 सदस्य पूरे किए जाएंगे।





मुख्य संरक्षक गोपाल सिंह पीटीआई ने संचालन करते हुए समिति के नवनियुक्त सदस्यों के नमो की घोषणा की तथा गुरुद्वारे के महत्व के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।

नवनियुक्त अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान बग्गड़ ने गुरुद्वारे के जीर्णोद्धार करने एवं देखभाल के संदर्भ में प्रकाश डालते हुए ठिकाने पर जल्द वेतनधारी मैनेजमेंट टीम नियुक्त करने तथा संपूर्ण गुरुद्वारा परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की बात कहीं और कहा की सारण ठिकाना बरड़ वंशीय गोत्रों के साथ-साथ संपूर्ण रावत राजपूत समाज तथा 36कॉम के लिए आस्था का बहुत बड़ा केंद्र है।

सचिव सूबेदार पूनम सिंह ने सभी युवा साथियों को समाज सुधार की मुहिम में सहयोग करने की अपील की एवं कोषाध्यक्ष राजू सिंह फुलाद ने कहां की ठिकाने के अधीन जितनी भी संपत्ति है इसका लेखा-जोखा व रख रखाव का कार्य करते हुए समिति द्वारा ठिकाने कोस को जल्द से जल्द भरने का प्रयास पूर्ण प्रयास किया जाएगा।बैठक में मगरा व मारवाड़ से सैकड़ो रावत राजपूत सरदारों एवं युवा साथियों ने भाग लिया।

# गणेशपुरा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उन्नी जर्सी, जूते, मोजे वितरित



स्मार्ट हलचल| रोपा

बिशनिया ग्राम पंचायत के गणेशपुरा में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को पड़ रही ठंड को देखते हुए भामाशाह द्वारा सभी 85 छात्र-छात्राओं को ऊनी जर्सी, जूते एवं मोजे वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ विधिवत रूप से की गई।

इसी दौरान विद्यालय की पूर्व छात्रा अभिलाषा धाकड़ को एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर विद्यालय स्टाफ ने प्रशंसा की व सभी छात्र-छात्राओं को प्रेरित होकर अच्छे अंक लाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिशनिया पीईईओ एवं प्रधानाचार्य रामनिवास कोली रहे। विशिष्ट अतिथियों में पारोली भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गा लाल धाकड़, रामस्वरूप शर्मा, समाजसेवी भोपाल धाकड़, जगदीश शर्मा बिशनिया तथा महावीर लोहार उपस्थित थे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद जैन ने भामाशाह एवं विद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कड़ाके की सर्दी में बच्चों को ऊनी वस्त्र उपलब्ध कराना न केवल मानवीय पहल है, बल्कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, आत्मविश्वास एवं नियमित अध्ययन के लिए प्रेरक कदम है।

समारोह में पीईईओ रामनिवास कोली, दुर्गा लाल धाकड़, महावीर लोहार (बिशनिया), रामस्वरूप शर्मा, भोपाल धाकड़, विद्यालय स्टाफ और सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थत रहे।

# वोट चोर नीतियों के खिलाफ' तथा एसआईआर प्रक्रिया को लेकर शाहपुरा कांग्रेस की बैठक, दिल्ली महारैली के लिए रणनीति तय

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा

कांग्रेस पार्टी द्वारा 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली को सफल बनाने के उद्देश्य से शाहपुरा बनेड़ा ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि विधायक प्रत्याशी नरेन्द्र कुमार रैगर रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश सेन ने की। बैठक में ब्लॉक और नगर से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को दिल्ली रैली में शामिल कराने पर जोर दिया गया। साथ ही एसआईआर प्रक्रिया की गहन समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि किसी भी बूथ पर मतदाता सूची से किसी मतदाता का नाम न कटे।



विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर का बीजेपी सरकार पर तीखा प्रहार विधायक प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा की जन-विरोधी नीतियों से जनता आज त्राहि-त्राहि कर रही है, जबकि भाजपा के मंत्री और नेता मस्त हैं। किसानों को खाद के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है और उन पर लाठियाँ बरसाई जा रही हैं। जनता के काम नहीं हो रहे, परेशानियाँ लगातार बढ़ रही हैं ज्यादा से ज्यादा संख्या में दिल्ली रामलीला मैदान मै चलने का आवाह्न किया। नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष नमन ओझा ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मजबूती लाने, एक-एक वोटर से संपर्क करने तथा तथाकथित 'वोट चोर नीतियों' का विरोध जनता तक पहुँचाने की अपील की।

अन्य वक्ताओं ने भी नगर निकाय एवं पंचायत चुनावों में कांग्रेस को भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए जल्द रणनीति तैयार करने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया।

# सरदारनगर में महिला स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



स्मार्ट हलचल| जे पी शर्मा

**बनेड़ा।** उपखण्ड सर्किल के सरदारनगर ग्राम मे मंगलवार को आयुर्वेद विभाग के तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे 25 जाचे कि गई। राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सरदार नगर प्रभारी डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि उपखंड अधिकारी श्रीकान्त व्यास और उप निदेशक आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा डॉ महाराज सिंह के निर्देश पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित जांच शिविर में महिलाओं की रक्त चाप,शुगर और हीमोग्लोबिन की जांचे की गई। स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात आयुर्वेद नर्स माधुरी मीणा द्वारा महिलाओं को आयुर्वेदिक दवाएं वितरित की गई । साथ ही एएनम आशा सेन ने उपस्थत महिलाओं को स्वस्थ आहार एवं जीवन शैली परिवर्तन के बारे में बताया।आशा मनु जीनगर और सीता माली ने जांच शिविर मे सहयोग दिया गया।

## महेश पब्लिक स्कूल, प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों को करवाया शैक्षणिक

# शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाने में मददगार होते हैंः ओमप्रकाश नराणीवाल

# शिक्षा में व्यावहारिक ज्ञान और रचनात्मकता का समावेश होना चाहिएः राजेंद्र कुमार कचोलिया

## पोस्ट ऑफिस मे आधुनिक डाक सेवाओं को समझा, गौशाला मे पशुओं की देखभाल, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ कीं प्राप्त

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** श्री महेश सेवा समिति द्वारा संचालित श्री महेश पब्लिक स्कूल, प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के तहत स्थानीय पोस्ट ऑफिस तथा गौशाला का भ्रमण करवाया गया। समिति के निर्देशक व विद्यालय प्रभारी दिनेश शारदा ने बताया कि कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों ने पोस्ट ऑफिस में बच्चों ने पत्रों की बुकिंग, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, डाक टिकटों का उपयोग, पार्सल प्रबंधन तथा आधुनिक डाक सेवाओं की पूरी प्रक्रिया को निकट से समझा। बच्चों ने डाकघर में होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं को नजदीक से देखा और समझा कि कैसे चिट्ठियां और पार्सल गंतव्य तक पहुंचते हैं। डाकघर के कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को पत्रों की छंटाई से लेकर वितरण तक की प्रणाली का रोचक और सरल परिचय कराया। वहीं कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने गौशाला भ्रमण के दौरान गौ-सेवा, पशुओं की देखभाल, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। जिसमें उन्हें गायों के महत्व और गौ संरक्षण का संदेश दिया गया। गौशाला में बच्चों ने गायों को गुड व चारा खिलाया। छात्रों ने गायों से होने वाले लाभ जैसे दूध, घी आदि की भी जानकारी प्राप्त की तथा गौ सेवा और संस्कृति के प्रति जागरूकता, गायों के सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक महत्व को भी समझा। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव ने बताया कि भ्रमण के दौरान बच्चों के चेहरे पर उत्साह देखने लायक था, उन्होंने न केवल डाकघर व गौशाला की कार्यप्रणाली को समझा, बल्कि इससे जुड़ी कई नई बातें भी सीखीं।





भविष्य में भी विद्यालय इस तरह की रोचक और ज्ञानवर्धक यात्राएं आयोजित करता रहेगा, जिससे बच्चे सीखने के नए आयामों से परिचित हो सकें। अध्यक्ष ओमप्रकाश नराणीवाल ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाने और जागरुकता विकसित करने में मददगार होते हैं। सचिव राजेंद्र कुमार कचोलिया ने कहा कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें व्यावहारिक ज्ञान और रचनात्मकता का समावेश होना चाहिए और यह भ्रमण इसी बात को सार्थक करता है। राजेश बाहेती ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, व्यवहारिक सीख, सामाजिक समझ और सांस्कृतिक जागरूकता को मजबूत बनाते हैं। यह बच्चों को ज्ञान के साथ-साथ जीवन/मूल्य भी प्रदान करती है। निर्देशक व विद्यालय प्रभारी दिनेश शारदा ने इस भ्रमण को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा, ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में व्यवहारिक ज्ञान, मानवीय मूल्य, करुणा और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी विकसित करते हैं। बच्चों ने भी इस भ्रमण को बेहद शिक्षाप्रद और यादगार अनुभव बताया। पोस्ट ऑफिस के सभी कर्मचारियों व गौशाला सरंक्षकों को शैक्षणिक भ्रमण में सहयोग प्रदान करने के लिए विद्यालय की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

# ही मैन धर्मेंद्र का जन्मदिन मनाया



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

सदा बहार फिल्म सुपर स्टार धर्मेंद्र का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया । गली नां 6 आदर्श भवन के सामने वर्धमान कॉलोनी भीलवाड़ा में भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर जूनियर कलाकार राजेंद्र लोढ़ा ने धर्मेंद्र की फिल्मों के गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। नरेंद्र लोढ़ा और मनु बाबा ने सभी निवासियों को आमंत्रित किया। इस भव्य कार्यक्रम में रिटायर्ड प्रिंसिपल राजेंद्र जोशी ने मंच संचालन किया साथ ही धर्मेंद्र की मिमिक्री भी करते रहे। आयोजन की व्यवस्था सतीश शर्मा (मन्नू बाबा) एवं नरेंद्र कुमार लोढ़ा ने की। इस अवसर पर निर्मला, कविता अशोक, रश्मिका, शोभा एवं शिखा लोढ़ा ने अपनी प्रस्तुति दी। अंत में सतीश शर्मा एवं नरेंद्र लोढ़ा ने सबको धन्यवाद अर्पित किया।

# लाडपुरा में आस्था का महाकुंभः बानोड़ा बालाजी के सान्निध्य में पंचकुण्डीय महायज्ञ शुरू, चारभुजानाथ की बारात में उमड़ा जनसैलाब

## 12 गांवों के श्रद्धालुओं ने पलक-पांवड़े बिछाकर किया स्वागत, 13 दिसंबर तक गूंजेंगे वेद मंत्र

स्मार्ट हलचल| लाडपुरा

कोटा-चित्तौड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर स्थित श्री बिहारी नाथ देवनारायण मंदिर (लाडपुरा) का प्रांगण इन दिनों भक्ति और आस्था के महाकुंभ में बदल गया है। यहाँ बानोड़ा बालाजी के आचार्यत्व एवं शेषावतार कल्लाजी महाराज के पावन सान्निध्य में 'पंच दिवसीय पंचकुण्डात्मक महायज्ञ' और महोत्सव का भव्य आगाज हो गया है।

### चारभुजानाथ की बारात और कलश यात्रा

महोत्सव की शुरुआत भव्य कलश यात्रा और भगवान चारभुजानाथ की बारात के आगमन से हुई। बानोड़ा बालाजी के राम दिव्य



रथ और चारभुजानाथ के बेवाण के साथ निकली शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। यात्रा बाग वाले कुएं से शुरू होकर लाडपुरा चौराहा, माली मोहल्ला, चारभुजा मंदिर चौक, बस स्टैंड और मुख्य बाजार होते हुए देवनारायण मंदिर पहुंची।

रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों ने गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्प वर्षा कर भगवान का अभिनंदन किया। आस-पास के 12 गांवों के श्रद्धालु गाजे-बाजे और भजन-कीर्तन करते हुए साथ चल रहे थे।



### यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार

मंगलवार को मृगशिरा नक्षत्र में बानोड़ा बालाजी कैलाशचन्द्र शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अखंड पंचकुण्डीय यज्ञ में अग्नि प्रज्वलित की गई। श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर कलश स्थापित किए। अब 13 दिसंबर तक यहाँ नियमित रामचरित मानस पाठ, दशांश हवन और विश्व कल्याण के लिए आहुतियां दी जाएंगी। भगवान चारभुजानाथ का बेवाण पूरे पांच दिन यज्ञ मंडप में ही विराजमान रहेगा।

### भजनों पर झूमे भक्त

रात्रि में आयोजित भजन संध्या में कलाकार सुश्री विजया किशोरी मंडल ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

इस अवसर पर बिहारी नाथ देवनारायण मंदिर विकास समिति अध्यक्ष नन्द किशोर सनाढ्य, संरक्षक रणजीत सिंह शक्तावत, जोगणियां माता शक्तिपीठ अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, भगवान सुथार, दिनेश सिंह शक्तावत, मोडू माली, शंभू धाकड़, नंद गुर्जर, कालू सुथार, कैलाश सोडाणी, डामटी ठाकुर भगवान सिंह, हरिबोल प्रभातफेरी प्रभारी वर्धा धाकड़ सहित बानोड़ा से कमलेश सुथार व शंभू सुथार मौजूद रहे।

# नही थम रहा फुटकर व्यापारियों और दुकानदारों के बीच विवाद

## पुराने कपड़े बेचने वालो का कहना दबाव बनाकर हटाना चाहते है दुकान, करते है दुर्व्यवहार



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में फुटकर व्यापारियों और दुकानदारों के बीच शुरू हुआ विवाद खत्म नहीं हो रहा है दोनो पक्षों के बीच का संघर्ष जारी है जो तीसरे दिन मंगलवार को भी देखने को मिला रविवार को शुरू हुआ विवाद तीसरे दिन फुटकर व्यापारियों की बुलंद आवाज के साथ देखने को मिला। पुराने कपड़े बेचने वालो ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और न्याय दो न्याय दो के नारे लगाए। सोमवार को स्टेशन रोड और इंद्रा मार्केट के दुकानदारों ने रैली निकाली और नगर निगम पहुंचे जहां आयुक्त के नही मिलने से आक्रोशित हो गए वही सामुहिक सुंदरकांड का पाठ किया वही महापौर और जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया था इससे पूर्व विरोध में दोपहर तक दुकानें बंद रखी थी। वही रेडी वालो ने आरोप लगाया की बड़े व्यापारी उनके साथ दुर्व्यहवार्र करते है और झूठे आरोप लगा रहे है। दबाव बनाकर हमे यहां से हटाना चाहते है पिछले 80 वर्षो से हम यहां व्यापार कर रहे है पुराने कपड़े बेचकर जैसे तैसे हमारी गृहस्थी चल रही है। गुरुवार को फुटकर व्यापारी यानी पुराने कपड़े बेचने वाले व्यापारी ज्ञापन सौंपेंगे।

# शिक्षक के साथ मारपीट और लूटपाट करने के विरोध में शिक्षक संघ



### कठोर कार्यवाही की मांग

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र बड़वा के नेतृत्व में गोपाल लाल अग्रवाल अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांथल के साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गई मारपीट व लूटपाट के प्रयास के विरोध में जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सोपा गया। जिला मंत्री ईश्वर सिंह चौधरी ने बताया कि संगठन द्वारा पुलिस अधीक्षक से अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करने का आग्रह किया गया ताकि भविष्य में इस तरह के मामलों की पुनरावृत्ति ना हो।

इस दौरान जिला सभा अध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा प्रदेश प्रतिनिधि सुशील जाट पीड़ित शिक्षक गोपाल लाल अग्रवाल सुवाणा उपशाखा अध्यक्ष विनोद झंवर उपशाखा मंत्री ओम प्रकाश सुथार शहर अध्यक्ष बसंत पोरवाल, सत्यनारायण मंत्री, प्रेम कुमार व्यास, दिनेश चंद्र शर्मा, हरिश सिंह, अनिल आसोपा, प्रदीप कुमार मेहता दिनेश सोमानी, दिनेश सोमानी, लक्ष्मी लाल श्रोत्रिय, भगवान सिंह, सुरेंद्र सिंह, पवन भट्ट, सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# युवा जागरूकता की नई पहलः सड़क सुरक्षा से लेकर आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस तक जहाजपुर कॉलेज में विद्यार्थियों को मिला दोहरा ज्ञान

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** राजकीय महाविद्यालय में आज हस्स के एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को दो महत्वपूर्ण विषयों– सड़क सुरक्षा और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का अनोखा संगम प्रदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या शिखा जगरवाल ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जहाजपुर थाने से यातायात प्रभारी कांस्टेबल ममता व देवराज उपस्थित रहे।

यातायात प्रभारी कांस्टेबल ममता ने स्टूडेंट्स को सड़क सुरक्षा के व्यावहारिक नियमों से रूबरू कराते हुए कहा कि 'हेल्मेट और सीट बेल्ट सिर्फ नियम नहीं, जीवन की सुरक्षा कवच हैं।' उन्होंने सभी को जिम्मेदारी के साथ यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी।



कार्यक्रम ने आधुनिक तकनीक की ओर रुख किया जहाँ भीलवाड़ा से आए विजय केडिया और गौरव दुबे ने विद्यार्थियों को एआई की बदलती दुनिया से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि आने वाला समय पूरी तरह तकनीक आधारित होगा और युवाओं को एआई के ज्ञान से खुद को तैयार करने की जरूरत है। व्याख्यान ने विद्यार्थियों में नई तकनीक सीखने का उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के अंत में हस्स प्रभारी विष्णु कुमार सोनी ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक आचार्य सुनीता देवी मीना, नरेश कुमार, बनवारी लाल वर्मा सहित अन्य फैकल्टी सदस्य भी मौजूद रहे।

# नगर निगम ने पुर में पिला पंजा चलाकर हटाया अतिक्रमण



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** भीलवाड़ा नगर निगम ने पुर में अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही की है। आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि नगर निगम को सूचना मिली थी कि पुर के वार्ड 2 में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के पीछे कुछ व्यक्तियों द्वारा पत्थर की दीवार बनाकर आम रास्ते को अवरूद्ध किया गया है।

निगम की कार्यवाहीः अतिक्रमण दस्ते द्वारा उक्त दीवार को जेसीबी चलाकर हटाकर आम रास्ते को सुचारु किया गया। इस कार्यवाही में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक संजय खोखर, होमगार्ड के जवान और निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आसींद में महिला थाना अधिकारी – श्रद्धा पचोरी ने संभाला पदभार

स्मार्ट हलचल

**आसींद।** पुलिस व्यवस्था में सशक्त नेतृत्व व संवेदनशील पुलिसिंग की नई शुरुआत करते हुए श्रद्धा पचोरी ने आसींद की पहली महिला थाना अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। 2015 बैच की योग्य एवं अनुभवी पुलिस अधिकारी श्रद्धा पचोरी के आने से क्षेत्र में नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है।

**सुरक्षा, जागरूकता और सुशासन उनकी प्राथमिकता**

कार्यभार ग्रहण करते ही श्रद्धा पचोरी ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से बताया– महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना, अपराधों पर त्वरित और सख्त नियंत्रण, महिलाओं को अधिकारों, सुरक्षा व कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देना, सामान्य व संगठित अपराधों पर तुरंत ऐक्शन लेकर कानून व्यवस्था मजबूत रखना, उन्होंने यह भी बताया कि थाने की हर फाइल की अपडेट व्यक्तिगत रूप से ली जा रही है, जिससे पारदर्शी और त्वरित पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।



उन्होंने यह भी बताया कि थाने की हर फाइल की अपडेट व्यक्तिगत रूप से ली जा रही है, जिससे पारदर्शी और त्वरित पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। प्रेस क्लब ने भेंट की 'पुलिस कर्तव्यों' की रचना कार्यभार ग्रहण अवसर पर प्रेस क्लब आसींद की ओर से उन्हें 'पुलिस कर्तव्यों' पर आधारित एक विशेष रचना भेंट की गई।

इस अवसर पर प्रेस क्लब के– संरक्षक सम्पत शर्मा, कोषाध्यक्ष सांवर मल शर्मा, तथा सदस्य गोविन्द सिंह उपस्थित रहे। श्रद्धा पचोरी ने इस रचना की प्रशंसा करते हुए इसे प्रेरणादायी बताया।

# ग्रीन ग्रोथ स्किल अभियान प्रतियोगिता विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर



स्मार्ट हलचल| बनेड़ा

उपखण्ड मुख्यालय स्थित पीएम श्री अक्षय स्मारक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय ग्रीन ग्रोथ स्किल अभियान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विनोद कुमार शर्मा प्रधानाचार्य बरण तथा विशिष्ट अतिथि उषा लाहोटी प्रधानाचार्य रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य बसंत सामरिया ने की इस प्रतियोगिता में ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया निर्णायक करता के रूप में प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा उषा लाहोटी सुशील कुमार छापरवाल प्रवीण कुमार शर्मा विष्णु लता धाकड़ रामदयाल शर्मा रेनू बाला समदानी रहे तथा रजिस्ट्रेशन कार्य में राहुल खटीक राधा नाती बबीता तिलवानी हरि कृष्ण सोनवा अलका शर्मा की भूमिका अहम रही। प्रतियोगिताओं में निबंध में प्रथम स्थान कन्हैयालाल कुमावत आशु भाषण में प्रथम स्थान दशरथ कुमावत क्विज में प्रथम स्थान कृष्णा कंवर तथा चित्रकला में प्रथम स्थान कृष्णा जीनगर ने प्राप्त किया।

# हाईवे पर पिछले 40 वर्षों से काबिज 700 फीट अवैध दीवार पर चला पीला पंजा



स्मार्ट हलचल

**बेरा।** बनेड़ा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेरा के पास इंदिरा कॉलोनी नेशनल हाईवे 48 पर सरकारी भूमि पर उद्योगपतियों ने कई वर्षों पहले अवैध कब्जा कर दीवारों बना दी थी लेकिन जब ग्रामीणों को जानकारी हुई तो ग्रामीणों ने प्रशासन को शिकायत कर अवैध निर्माण हटवाने की मांग की थी तहसीलदार ने बिना नाम भूमि पर अवैध निर्माण को हटाने के लिए उद्योगपतियों को नोटिस भेजे लेकिन किसी ने नहीं हटने पर मंगलवार को रायला नायब तहसीलदार सत्यनारायण लोहार गिरदावर शिवकुमार सोनी पटवारी अक्षयकुमार जीनगर पंचायत सचिव गिरधर सिंह रायला पुलिस थाना सहायक उप निरीक्षक रघुनाथ गुर्जर के साथ जब्ता मौके पर पहुंचकर प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि पर 700 फीट की अवैध दीवार को ध्वस्त किया गया। ग्रामीणों ने पूर्व में ग्राम पंचायत शिविर में प्रशासन को शमशान भूमि आवंटित करने की मांग की थी यहां इंदिरा कॉलोनी ग्राम वासियों के लिए शमशान भूमि नहीं है जो यहां आवंटित करवाई जाए जिसके कारण ग्रामीण बार-बार शिकायत करते आ रहे थे प्रशासन ने आखिरकार मंगलवार को अतिक्रमण पर पीला पंजा चलाया और अवैध निर्माण को गिराया देखते ही देखते पूरी दीवार ध्वस्त हो गई। ग्रामीण जगदीश रेगर किशन रेगर रामदेव रेगर प्रभु रेगर मांगीलाल चेची नारायण लाल शर्मा कैलाश राधेश्याम जगदीश एवं कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# बसंत पंचमी पर आयोजित होने वाले सेन समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए 40 जोड़े पंजीकृत

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

सेन समाज सामूहिक विवाह समिति भीलवाड़ा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरनी महादेव में बसंत पंचमी के अबूझ मुहूर्त पर आयोजित होने वाले सेन समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण पर है। सेन समाज सामूहिक विवाह समिति के मीडिया प्रवक्ता दिनेश सेन ऊपरेड़ा ने बताया कि इस सम्मलेन में विवाह बन्धन में बंधने के लिए अब तक 40 से अधिक जोड़ों ने पंजीकरण कराया है और कई अन्य जोड़े समिति कार्यालय में संपर्क में हैं जो अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों का विवाह सम्मेलन में करवाने की इच्छा जाहिर कर रहे हैं सेन समाज सामूहिक विवाह समिति सचिव बाबू लाल सेन चाखेंड ने समस्त सेन समाज से मीडिया के माध्यम से आग्रह करते हुए कहा आगामी 23 जनवरी बसंत पंचमी के दिन हरनी महादेव भीलवाड़ा में सेन समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है जिसमें सभी सामूहिक विवाह सम्मेलन में होने वाले विवाह घर के जैसे वातावरण में सम्पन्न होने वाला है जिसमें विवाह की हर रस्म रीति,रिवाज जैसे बारात स्वागत, बड़बदाऊं भेजना, बिंद खोतली के डोरा बंधवाना, बिंद आरती,तोरण,वरमाला,पवित्र अग्नि के विधि विधान से फेरे वाटका रस्म, विदाई सहित कई ओर भी रस्म अदायगी करवाई जायेगी इसके साथ ही वर वधु को अपने नए जीवन व्यापन हेतु डायजा, ज्वैलरी प्रदान की जाती है जो उनके आने वाले जीवन को और भी सुंदर और सुगम बनाने में मदद करती है सेन समाज सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल सेन (मांडल) ने कहा, 'आज के महंगाई के दौर में, जब शादी-विवाह का खर्च आम परिवारों की पहुंच से बाहर होता जा रहा है, सेन समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन मेवाड़ आंचल के युवक-युवतियों के लिए संजीवनी बूटी साबित हो रहा है।



# वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में देवराज ने जीता मिस्टर स्ट्रांग मेन का ख़िताब

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

एम एल वी टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कॉलेज मे मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी प्रताप मंडल उपाध्यक्ष विजय जायसवाल के मुख्य आतिथ्य मे वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आगाज हुआ। इस दौरान छात्रों ने अद्भुत शक्ति, संतुलन और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन कॉलेज प्रिंसिपल डॉ अरविंद वशिष्ठ के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि पूर्व प्रिंसिपल धीरेन्द्र शर्मा ने भी आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता



के आयोजन में स्पोर्ट्स इंचार्ज ए कन्नी राजा कॉलेज के शारीरिक शिक्षक डॉ युवराज सिंह, तथा एथलेटिक्स मैनेजर राजीव शाह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं कॉलेज के जनरल स्पोर्ट्स सेक्रेटरी शिवम् शर्मा ने आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था का सफलतापूर्वक संचालन किया।इस प्रतियोगिता में शहर की प्रतिष्ठित संस्था अल्टीमेट जिम का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ प्रतियोगिता मे विनोद यादव, इमरान पठान और राजीव शाह– ने प्रतिभागियों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की।

प्रतियोगिता में लड़कियों की श्रेणी में पूजा मीणा ने गोल्ड , लक्षिता तिवारी ने सिल्वर और नंदिनी सिकलीगर ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं लड़कों की अंडर 70 किलोग्राम कैटेगरी में आफताब पठान ने गोल्ड, इमरान पठान ने सिल्वर और सुमित विश्नोई ने कांस्य पदक हासिल किया।

अबोव 70 किलोग्राम कैटेगरी में भरत शर्मा ने गोल्ड, आर्यन शर्मा ने सिल्वर और सुनील चौधरी ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

कार्यक्रम का सबसे प्रभावशाली क्षण स्ट्रॉन्ग मेन कैटेगरी रहा, जिसमें देवराज सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्ट्रांग मेन का खिताब अपने नाम किया। कॉलेज प्रिंसिपल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ-साथ खेल संस्कृति को भी मज़बूत करते हैं।

# रेप का आरोपी युवक गिरफ्तार, शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

### सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती की

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

सदर थाना पुलिस ने रेप के आरोप में एक 32 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। युवक ने शादीशुदा महिला और दो बच्चो की मां को पहले शादी का झांसा दिया फिर अपने मंसूबों को पूरा किया उसके बाद शादी के लिए आनाकानी करता रहा और बाद में पलट गया। इसे लेकर पीड़ित महिला ने युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित महिला ने बताया की युवक ने उसके साथ सोशल मीडिया पर दोस्ती की उसके बाद उसने बहला फुसलाकर महिला के साथ रेप किया। महिला ने कई बार युवक को शादी के लिए कहा लेकिन वह टालता रहा और अंत में उससे दूरी बना ली। पुलिस आरोपी से इस मामले में पूछताछ कर रही है।

# बनकाखेड़ा जीएसएस घोटाले की जांच करने पहुंची टीम व्यवस्थापक अशरफ मेवाती पर लाखों रुपए गबन का आरोप

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर संचालित ग्राम सेवा सहकारी समिति मैं व्यवस्थापक अशरफ मेवाती पर किसानों के केसीसी के पैसे गबन के मामले में राज्य सरकार की शिकायत के बाद आज तहसीलदार के निर्देशन में गठित टीम के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर जांच की ओर किसानों के बयान दर्ज किया । किसानों ने बताया कि व्यवस्थापक अशरफ मेवाती ने किसानों के केसीसी के पैसे को निकाले जिसमें किसानों को कुछ पैसे ही दिए तथा कुछ किसानों को कुछ नहीं दिया, किसानों को बैंक से लगातार नोटिस मिलते रहे, इस पर किसानों ने शिकायत दर्ज कराई । वही किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों मुख्यमंत्री कार्यालय पर इसकी शिकायत दर्ज करवाई



। मुख्यमंत्री कार्यालय पर शिकायत के बाद आदेशानुसार कोटड़ी तहसीलदार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें नायब तहसीलदार मदनलाल शर्मा, गिरदावर , पटवारी दीपा राठौड़ ने मंगलवार को बनकाखेड़ा जीएसएस पर पहुंचे । जहां किसानों से उनके बयान दर्ज कर रिपोर्ट बनाकर तहसीलदार को सौंपेंगे । वहीं किसानों ने आरोप लगाया कि जब किसान आज जीएसएस में पहुंचे तो पता चला कि जरूरतमंद लोगों को मिलने वाला गेहूं में भी गड़बड़ी पाई गई, जहां 15 हजार किलो गेहूं का स्टॉक बता रहा हैं, वही मौके पर कुछ भी नहीं मिला, कुछ देर बाद 3200 किलो गेहूं उपलब्ध करवायें गए, वही जीएसएस कार्यालय में पड़े दस्तावेजों को देखकर ग्रामीण चकित रह गए, जहां दस्तावेजों को चूहे कुतर कर खराब कर रखे, दस्तावेज जमीन पर पड़े हुए थे । जिससे किसानों के आवश्यक दस्तावेज खराब हो ग । इन सबको देखकर ग्रामीण में आक्रोश फेला है।

### इनका ये कहना

मुख्यमंत्री कार्यालय में की गई शिकायत की जांच के संबंध में तहसीलदार कोटड़ी के आदेशानुसार जीएसएस बनकाखेड़ा में व्यवस्थापक की अनियमितताओं के संबंध में जांच कमेटी द्वारा शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज कर जांच की गई, जांच रिपोर्ट तहसीलदार कोटड़ी को प्रस्तुत करेंगे और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी ।

**नायब तहसीलदार मदन लाल शर्मा**

लोगों की शिकायतों की जीएसएस में व्यवस्थापक लोगों के पैसे समय पर पुख्ता नहीं कर रहा था, जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जावे।

**चंद्र प्रकाश गाड़री जीएसएस अध्यक्ष**

व्यवस्थापक अशरफ मेवाती द्वारा किसानों के केसीसी के लोन लिए थे, उनको वापस भुगतान नहीं किया गया, किसानों के पैसे निकालने व जमा करवाने दोनों अंगूठे लगा लिए थे, मुख्यमंत्री को शिकायत के बाद टीम जांच करने पहुंची, किसानों को उनका पैसा वापस मिलना चाहिए ।

**सुभाष ओझा ग्रामीण**

लोगों का अंगूठा लगाकर व्यवस्थापक अशरफ मेवाती पैसे निकाल लेता और लोगों को पर्ची बनाकर कल पैसे देने की बात कहता, जब किसान पैसे लेने आते तो एक-दो दिन बाद आने की कहकर टाल देता, किसानों के बैंकों में ब्याज चल रहे हैं और लोगों को धमकी भी देता है, मुख्यमंत्री को शिकायत के बाद जांच करने की टीम मौके पर पहुंची । जहां आज पता चला कि 15 हजार किलो गेहूं का मशीन स्टॉक बता रही है और मौके पर कुछ भी नहीं मिला, बाद में 3200 किलो गेहूं उपलब्ध करवाया गया।

**शंकर लाल जाट ग्रामीण**

## मॉडल स्कूल बनेड़ा मे लॉयंस क्लब ने विद्यार्थियों को दिये उपहार



स्मार्ट हलचल

बनेड़ा- उपखण्ड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में अध्ययनरत बच्चो को ऊनी स्वेटर वितरित किए गए हैं।

संस्थाप्रधान भरत देव धाभाई ने बताया की विद्यालय के अभिभावक सीताराम बलाई के प्रयास से भीलवाड़ा के भामाशाह लॉयंस क्लब के द्वारा छोटी कक्षाओं के आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए सर्दी मे सुरक्षा हेतु 50 जोड़ी स्कूल स्वेटर उपहार मे दिये जिससे विद्यार्थियों ठंड से सुरक्षा हो सकेगी । भामाशाह द्वारा दिये गये इस उपहार कार्यक्रम मे विद्यालय के स्टाफ शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत मे संस्थाप्रधान धाभाई द्वारा समस्त भामाशाहों का उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

## मंडावर 220 केवी ग्रिड पर 200 एमवीए ट्रांसफॉर्मर का विधायक राजेन्द्र ने किया शुभारंभ

स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** दौसा मंडावर स्थित 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन पर क्षेत्रीय किसानों और आमजन को लंबे समय से मिल रही बाधित बिजली आपूर्ति को स्थायी रूप से सुधारने के उद्देश्य से लगाया गया 200 एमवीए क्षमता का विशाल ट्रांसफॉर्मर का रविवार को क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र मीना ने विद्युत विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं तथा भारी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों की मौजूदगी में विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। करीब 10-12 दिनों से चल रहे इस महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य के कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही, लेकिन राज्य सरकार ने महवा विधानसभा सहित इस ग्रिड से जुड़े दौसा, करौली, भरतपुर और अलवर के कुछ हिस्सों में रहने वाले उपभोक्ताओं की परेशानी को समझते हुए अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। परिणामस्वरूप यहाँ पहले से लगे 100 एमवीए ट्रांसफॉर्मर के साथ अब कुल 300 एमवीए की मजबूत क्षमता उपलब्ध हो गई है, जिससे बिजली व्यवधान, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्याओं में उल्लेखनीय कमी आयेगी।

विधायक राजेन्द्र ने इसे मंडावर के लिये गर्व का अवसर बताते हुए कहा कि यहाँ का 220 केवी ग्रिड केवल स्थानीय क्षेत्र नहीं बल्कि तीन से चार जिलों की जीवन रेखा है। उन्होंने बताया कि झाँसी से आया यह 200 एमवीए ट्रांसफॉर्मर राज्य कैबिनेट व ऊर्जा मंत्री के प्रयासों से मिली बड़ी सौगात है, जिसमें विभागीय अधिकारियों, जिला प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों ने निरंतर सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि स्थापना कार्य के दौरान उन्होंने स्वयं निरीक्षण कर संबंधित टीम को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये थे और आज क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिली है।

ट्रांसफॉर्मर के शुरू होते ही जेवीवीएनएल मंडावर ने किसानों को दिन में ही थ्री-फेज सप्लाई उपलब्ध कराने की नई व्यवस्था लागू कर दी है। कुल चार फीडरों को दो ब्लॉकों में बाँटते हुए एक ब्लॉक में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक और दूसरे ब्लॉक में दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक निर्बाध सप्लाई दी जायेगी, जिससे किसानों को रात में ठंड में सिंचाई करने की मजबूरी खत्म होगी और बिजली संकट का दबाव कम होगा। इस बड़े प्रोजेक्ट को पिछले पन्द्रह दिनों से झाँसी से आये तकनीशियनों, कंपनी प्रतिनिधियों तथा विभाग की स्थानीय टीम ने लगातार रुककर पूरा अंजाम दिया और आज क्षेत्र के किसान तथा आमजन राहत व खुशी का अनुभव कर रहे हैं।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जेल अस्पताल का किया निरीक्षण



स्मार्ट हलचल | सहारनपुर

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रवीण कुमार एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सर्वेश कुमार सिंह ने जेल अधीक्षक डा. सत्य प्रकाश सिंह के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम को लेकर जेल अस्पताल मे निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जेल अस्पताल और जेल ओ पी डी मे जेल अधीक्षक की देख रेख मे स्वयं एवं अपनी टीम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से प्रत्येक मरीज़ से वार्ता कर के व्यक्तिगत रूप से हालचाल जाना एवं जेल अस्पताल स्टॉफ को रोटेशन वाइज जेल मे मौजूद सभी स्वस्थ मरीज़ो का भी समय समय पर विशेष शिविर लगा के चैकअप करने के निर्देश दिये तांकि सभी कैदी स्वस्थ रहें। इस मोके पर टीम मे जेल चिकित्साधिकारी डा. प्रवीण पुंडीर, डा. नासिर खान, वरिष्ठ फार्मासिस्ट सुनील डोबवाल, जेल फार्मासिस्ट दिनेश सजवाल, वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम. पी. सिंह चावला, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अशोक पँवार, जेलर प्रशांत उपाध्याय, डिप्टी जेलर विजय गौतम एवं डिप्टी जेलर गुंजन लोहान आदि रहे।

## आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान मासूम बालक की मौत, परिजनों एवं ग्रामीणों ने लगाया कंपाउंडर पर लापरवाही का आरोप

स्मार्ट हलचल

**आसींद।** आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक मासूम बालक की इलाज के दौरान मौत हो गई परिजनों एवं ग्रामीणों ने कंपाउंडर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन किया । धर्मेश प्रजापत पुत्र शांतिलाल प्रजापत निवासी आनंदपुरा के सवा महीने के बालक को खांसी एवं जुकाम की तकलीफ होने से आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंगलवार को लाया गया जहां शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अदब अगवानी को दिखाया । मासूम बालक को वार्ड में शिफ्ट करने के बाद ड्रिप चढ़ाई गई । इसके बाद मासूम बालक ने खून की उल्टी होने



के बाद दम तोड़ दिया इधर परिजनों ने बताया कि अस्पताल में कार्यरत कंपाउंडर भगवती लाल खटीक द्वारा इलाज में देरी बरती गई एवं लापरवाही की गई जिससे बालक के परिजन आक्रोश में आ गए इसके बाद आनंदपरा गांव के ग्रामीण जन अस्पताल परिसर में एकत्रित हो गए एवं धरना प्रदर्शन किया और उन्होंने मांग कि की लापरवाही बरतने वाले कंपाउंडर को यहां से हटाया जाए । इसको लेकर आसींद थाना अधिकारी श्रद्धा पंचौरी मय जापते मौके पर पहुंची चिकित्सक टीम परिजनों और ग्रामीणों से रूबरू हुई एवं घटना की जानकारी लेकर समझाइश की गई । चिकित्सा प्रभारी भंवरलाल शर्मा ने बताया कि परिजनों एवं ग्रामीणों की मांग पर भीलवाड़ा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रामकेश गुर्जर से दूरभाष पर वार्ता कर घटना की जानकारी देकर लापरवाही बरतने वाले कंपाउंडर भगवती लाल खटीक को अग्रिम आदेश जांच तक जिला मुख्यालय भीलवाड़ा किया गया एवं जांच करवाई में अगर दोषी पाया गया तो कार्यवाही की जाएगी इसके बाद मासूम मृतक बालक के परिजन एवं ग्रामीण जन बालक के शव को अपने गांव ले गए । चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर शर्मा ने यह भी बताया कि यहां 6 कंपाउंडर का डेपुटेशन कर रखा है स्टाफ की कमी है जबकि ओपीडी हमेशा 600 से 800 तक रहती है।

## डा सेठिया ने दिये सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने के प्रस्ताव

स्मार्ट हलचल| ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष व भाजपा ट्रस्ट विभाग के प्रदेश सह संयोजक डा आई एम सेठिया ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास जयपुर में आयोजित जनप्रतिनिधियों और सहकारी बैंकों अध्यक्षों की बैठक में भाग लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड से मुलाकात कर सहकारी संस्था की मजबूती के लिए विशेष प्रस्ताव देते हुए बताया की सहकारी शिक्षा कोष में से विभागीय अनुमोदित प्रक्षिक्षण कार्यक्रम सहकारी संस्थाओं के स्वयं के स्तर पर आयोजित करने तथा सहकारी सम्मेलन में स्टाफ और सदस्यो की भागीदारी को भी प्रशिक्षण मानने के लिए मान्यता देने से प्रक्षिक्षित उर्जावान स्टाफ



मिलने से संस्थाओं को मजबूती मिल सकेगी।

डा सेठिया ने अर्बन बैंको को आयकर मुक्ति की मांग के लिए प्रस्ताव को राजस्थान सरकार अनुमोदित कर केंद्र सरकार को प्रेषित करे ताकि आगामी केंद्रीय बजट में सहकारी बैंकों को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में आयकर से मुक्ति की घोषणा की जा सके।

डा सेठिया ने संस्था पंजीयन कानून के तहत सहकारी विभाग द्वारा पंजीकृत संस्थाओं को दुबारा देवस्थान में पंजीयन कराने की बाध्यता नही होने संबंधी अधिसूचना सहकारी विभाग द्वारा तत्काल जारी की जानी चाहिए ताकि आयकर विभाग द्वारा धारा 12 एए व धारा 80 जी के पंजीयन में खड़ी की जा रही तकनीकी बाधा का शीघ्र समाधान हो सके व सहकारी विभाग में पंजीकृत संस्थाओं को राहत प्रदान की जा सके।

बैठक के प्रथम सत्र में राजस्थान के सभी जनप्रतिनिधियों की सामूहिक बैठक में राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम आदमी को राहत प्रदान करने के लिए विशेष दिशा बोध सहित कई महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा की। बैठक के पश्चात डा सेठिया ने उपमुख्यमंत्री डा प्रेमचंद बैरवा तथा सहकारिता मंत्री गोतम कुमार दक से उनके राजकीय निवास पर भेंट की। इस अवसर पर भूमि विकास बैंक अध्यक्ष बद्री लाल जाट तथा भीलवाड़ा अर्बन बैंक अध्यक्ष विवेकानंद पांडे भी मौजूद थे।

## डुकावली के जगभान का एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन



स्मार्ट हलचल| सूरौठ

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डुकावली के छात्र जगभान सिंह का एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। स्कूल के प्रधानाचार्य हीरालाल बैरवा एवं उपप्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार कौशिक ने बताया कि कक्षा 12 के छात्र जगभान सिंह पुत्र विजय सिंह ने पिछले दिनों राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। इसके पश्चात चयन कमेटी ने जगभान को राष्ट्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए सिलेक्ट किया है। राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए फरीदाबाद में कैंप आयोजित किया जाएगा। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सोहन सिंह डागुर, वरिष्ठ अध्यापक प्रकाश चंद जाटव, वरिष्ठ अध्यापक हरीश पाराशर एवं विद्यालय के स्टाफ द्वारा छात्र जगभान का सम्मान किया है।

## आत्म सुरक्षा के गुर सीखा कर महिलाओं को दिलाई शपथ

जहां महिलाओं का सम्मान होता है वहां देवता करते हैं वास -सीआई कमलसिह



स्मार्ट हलचल

**नाहरगढ़।** पुलिस थाना सीआई कमल सिंह ने बताया कि सोमवार को महिला कांस्टेबल प्रमिला द्वारा थाना परिसर में महिला सुरक्षा के गुर सीखा कर सुरक्षा की नारी शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को शपथ दिलाई गई। सीआई कमल सिंह ने बताया की शपथ का उद्देश्य यह है कि महिलाओं की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन बना रहे और असामिजिक तत्वों से डटकर मुकाबला करने में निडर होकर स्वयं की आत्म सुरक्षा के लिए सक्षम बने । सीआई कमलसिंह ने कहा कि जहां महिलाओं का सम्मान होता है वह देवता वास करते हैं सभी को महिलाओं की सुरक्षा और समान अधिकारों का ध्यान रखना चाहिए महिलाओं को सम्मान और समान अधिकार देने से ही समाज का समग्र विकास संभव है महिलाओं की उन्नति से ही राष्ट्र बनता है। इस अवसर पुलिस स्टाफ सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## राजीव गांधी कॉलोनीवासियों ने वन विभाग की कार्यवाही पर जताई नाराजगी

स्मार्ट हलचल| बूंदी

शहर के वार्ड नंबर दो स्थित राजीव गांधी कॉलोनी बाईपास रोड गुरुद्वारे के पीछे के महिला पुरुषों ने आज जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महावीर मीणा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर वन विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही पर नाराजगी जताई है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शैलेश सोनी ने बताया कि राजीव गांधी कॉलोनी 35-40 साल से भी अधिक पुरानी बस्ती है जो नगर परिषद वार्ड नंबर 2 के शामिल है इस कॉलोनी में 1 हजार से भी अधिक सभी जाति धर्म के लोग निवास करते हैं कॉलोनी व्यवस्थित रूप से बनी हुई है।जिसमें विद्युत, जल कनेक्शन




सीवरेज एवं नगर परिषद की सभी सुविधाएं उपलब्ध है। पिछले कुछ दिनों से फॉरेस्ट विभाग की जिप्सी में बैठकर कुछ कर्मचारी अधिकारी लोग बार-बार कॉलोनी में आते हैं और यहां पर निवास करने वाले लोगों को बस्ती खाली करने,कोई निर्माण कार्य नहीं करने, घरों में कोई मरम्मत नहीं करने ओर पकडकर ले जाने आदि के लिए डराते धमकाते हैं। जिससे कॉलोनीवासी डरे और सहमे हुए रहे। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि इस कॉलोनी के बहुत ही गरीब तबके के लोग रहते हैं जो दिहाडी मजदूरी करके अपना गुजर बसर करने वाले है। ऐसे लोगों को अनावश्यक परेशान नहीं किया जाए।

इस दौरान कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, पार्षद अनवर हुसैन, मंडल महामंत्री लोकेश मीणा, दिनेश लोरतिया, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव गिरीराज मीणा सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल थे।

## सरिता मीणा ने जिला कारागृह बून्दी का किया निरीक्षण



स्मार्ट हलचल| बूंदी

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बून्दी सरिता मीणा द्वारा जिला कारागृह बून्दी का निरीक्षण किया गया।

जिला कारागृह में विधिक सेवा क्लिनिक, सी.सी.टी.वी. विंग, टेलीफोन कक्ष, बैरक, रसोईघर, मुलाकात कक्ष, डिस्पेन्सरी, स्नानागार, शौचालय, पानी की व्यवस्था तथा मनोरंजन के साधनों का भी अवलोकन किया गया। साथ ही एक-एक विचाराधीन बन्दीगण से मुलाकात कर उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

इस दौरान उपाधीक्षक, जिला कारागृह बून्दी मानसिंह बारेठ, प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी श्री रिहान खान, प्रियांक राव एवं असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल कुमारिल भट्ट उपस्थित रहें।


## आर.के. पुरम स्थित श्री बालाजी धाम का 26वां स्थापना दिवस

### 251 कलशो की शोभायात्रा एवं तीन दिवसीय हनुमत कथा होगा आयोजन

स्मार्ट हलचल| कोटा

आर.के. पुरम स्थित श्री बालाजी धाम का 26वां स्थापना दिवस इस वर्ष विशेष श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। है। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा 11 दिसंबर से तीन दिवसीय विशाल हनुमत कथा का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि कथा वाचन पंडित सुरेन्द्र शास्त्री जी के मुखारविंद से होगा।

समारोह के प्रथम दिवस 11 दिसंबर को 251 कलशों के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। मंदिर समिति के संरक्षक शिव सोनी ने जानकारी दी कि 14 दिसंबर को पूर्णाहुति, हवन तथा पौष बड़े का आयोजन किया जाएगा। इस



अवधि में मंदिर परिसर का आकर्षक एवं भव्य सज्जा की जाएगी। मंदिर समिति के संरक्षक मनोज अग्रवाल, राम खंडेलवाल, विजय गोयल, रवि गुप्ता, योगेश विजय, अनिल गुप्ता, विष्णु शर्मा, एम.एम. कुर्मी, रामभक्त नाटाणी, रामकृष्ण खंडेलवाल, सहित अनेक सदस्य व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे हैं।

## ‘मोतियाबिन्द मुक्त करौली’ अभियान के तहत निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

स्मार्ट हलचल

**करौली/महू इब्राहिमपुर।** कैंप प्रभारी जयपाल चौधरी (जेपी) 6 एमडीएस लाइब्रेरी,हिंडौन8 एवं लव सिंह सोलंकी ( जिला संयोजक एवीबीपी करौली) द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत महू इब्राहिमपुर में जगह - जगह जाकर लोगों को कैंप के बारे में बताया कि जरूरतमंद नागरिकों के लिए एक राहत भरी खबर है। जीवन ज्योति फाउण्डेशन द्वारा ‘मोतियाबिन्द मुक्त करौली’ के संकल्प को साकार करने के लिए एक विशाल निःशुल्क नेत्र जाँच एवं




परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. नन्द मोहन सुमन अपनी निःशुल्क सेवाएँ प्रदान करेंगे।

सेवाएँ: मोतियाबिन्द सहित अन्य नेत्र रोगों की निःशुल्क जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श। सबसे महत्वपूर्णः शिविर में चयनित जरूरतमन्द मोतियाबिन्द रोगियों का निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण (ऑपरेशन) जिला चिकित्सालय, हिण्डौन सिटी में किया जाएगा। यह सुविधा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। फाउण्डेशन का संदेशः मोतियाबिन्द से पीड़ित सभी नागरिक इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाएँ और अपनी आँखों की रोशनी वापस पाएँ।

# डबल इंजन सरकार ने 2 साल में बहा दी विकास की गंगा, विधायक कानावत ने दी 32 करोड़ की सौगात

**बगड़ावत स्टेडियम में हुआ भव्य समारोह; बोले विधायक- जनता का 'मुनीम' बनकर चुकाऊंगा कर्ज, कॉलेज संघर्ष समिति पर दर्ज मुकदमे होंगे वापस**





स्मार्ट हलचल| बांदनवाड़ा/भिनाय

मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने मंगलवार को भिनाय के बगड़ावत स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह में क्षेत्र को 32 करोड़ रुपये (3178 लाख) के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने पिछले पांच साल के काम के बजाय भजनलाल सरकार के नेतृत्व में मात्र 2 साल में ही विकास की गंगा बहा दी है।

कानावत ने बताया कि मसूदा विधानसभा क्षेत्र में जेजेएम के तहत 419 करोड़ रुपये स्वीकृत कराए गए हैं। इसके तहत 6 नए पम्प हाउस और 78 टंकियां बनेंगी, साथ ही 119 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन डाली जाएगी। बीसलपुर में चंबल का पानी आने से क्षेत्र में पेयजल की कमी नहीं रहेगी। भाजपा जिला महामंत्री सुभाष वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश लाम्बा, नागोला मण्डल अध्यक्ष हंसराज गुर्जर और भिनाय मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन आनंदसिंह राठौड़ ने किया।

प्रधान सम्पतराज लोढा ने अपने कार्यकाल के कार्य गिनाए और भेड़ ऊन विभाग की जमीन को सार्वजनिक हितार्थ करने की मांग की।

### जनता का मुनीम बनकर रहूंगा

विधायक कानावत ने भावुक होते हुए कहा, 'भिनाय की जनता ने मुझे बम्पर वोट देकर विधानसभा भेजा है। मैं आपका कर्ज एक 'मुनीम' बनकर चुकाऊंगा।' उन्होंने घोषणा की कि कॉलेज संघर्ष समिति के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमों को वापस लेने के लिए वे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर प्रयास करेंगे।

### 100 मीटर का साफा और 'जई' भेंट कर किया सम्मान

समारोह का एक मुख्य आकर्षण भारतीय किसान संघ द्वारा विधायक का सम्मान रहा। किसानों ने विधायक कानावत को 100 मीटर का केसरिया साफा बंधवाया और खाखला (चारा) भरने में काम आने वाली पारंपरिक कृषि औजार 'जई' भेंट की। एक क्लिक पर 256 कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास विधायक ने वर्चुअल माध्यम से भिनाय पंचायत समिति क्षेत्र की 25 पंचायतों में पंचायतराज, शिक्षा, चिकित्सा, पीडब्ल्यूडी और पीएचईडी विभाग के 256 कार्यों (लागत 3178 लाख) का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

### सड़क और चिकित्सा में बड़े काम

बांदनवाड़ा में 132 केवी जीएसएस और कॉलेज निर्माण शुरू। भिनाय व बांदनवाड़ा सीएचसी को 50 बेड का करवाया, बिल्डिंग टेंडर जारी। सिंगावल-भिनाय-अराई सड़क (लागत 57 करोड़) बनेगी। ब्यावर-केकड़ी के बीच हर घंटे बस सेवा शुरू होगी।

## चाकसू में नगरपालिका ने मीट की होटलों को किया सीज

**होटल संचालको में रोष, नगरपालिका कार्यालय में धरने पर बैठे**



स्मार्ट हलचल

**चाकसू।** मंगलवार को नगरपालिका ने टोंक रॉड पर स्थित बिना सूचना के मीट के होटलों को अचानक सीज कर दिया जिससे होटल संचालको को संभलने का मौका भी नही मिला जिससे होटल में रखा कच्चा व पक्का मीट सहित अन्य सामान भी बन्द कर दिया जिससे उसके खराब होने का अंदेशा है । वही होटल संचालक , उनके कर्मी व परिजनों ने नगरपालिका की ओर से इस तरह की औचक कार्यवाही पर नाराजगी व्यक्त करते नगरपालिका में धरने पर बैठ गए और पालिका में मिले कर्मचारियों से वार्ता की लेकिन मौके पर कर्मचारियों ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया ईओ साहब से वार्ता करो जबकि नगरपालिका ने होटल संचलको को ईओ मिले ही नही । वही नगरपालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक कुलजीत सिंह ने कहा कि होटल संचालको पर सीज की कार्यवाही से पहले नोटिस दिए थे इस पर होटल संचालन करने वालो ने कहा कि हमने नोटिस अवधि में जवाब दे दिया था यदि पालिका हमारे जवाब से संतोष नही थी तो हमे पुन सूचित करती अचानक होटलों को सीज कर दिया जो हमारे साथ अन्याय है । होटल सीज की कार्यवाही के सम्बंध में नगरपालिका ईओ डॉ बनवारी लाल मीना से बात की तो उनका फोन नॉट रिचिबल मिला खबर लिखने तक नगरपालिका कार्यालय में होटल संचालक धरने पर बैठे हुए थे।

## मुख्य मार्गो पर रोड लाइट बंद रहने से आम लोग परेशान

**दुर्घटनाओं और अपराधों को मिल रहा खुला निमंत्रण**

स्मार्ट हलचल| नीमराना

नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी कहीं जाए या लापरवाही जिसके चलते मुख्य मार्ग की स्ट्रीट लाइटें, हाई मास्क लाइटें काफी दिनों से बंद पड़ी है इससे आमजन परेशान है, ग़ौरतलब है कि कस्बे के मुख्य मार्ग व अंदर आबादी क्षेत्र को जाने वाले मार्ग मे रात्रि कालीन रोड लाइटों का बंद रहना आमजन के लिए तो परेशानी का शबब बना ही है वही रात्रि में अंधेरा रहने से इस मार्ग पर दुर्घटना होने की आशंका सदैव बनी रहती है, जबकि दूसरी ओर अपराधिक गति विधियों, चोरी, नकबजनी जैसे अपराधों को खुला निमंत्रण दे रहे हैं। यही नहीं, देखा जाए तो इन मार्गो पर रात भर आमजन का आवागमन बना रहता है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यहां गलियों की स्ट्रीट लाइटें करीब पिछले काफी समय से बंद पड़ी है । राठ मंच के अध्यक्ष मनोज मुद्गल एडवोकेट ने बताया कि बरसात के मौसम में जहा सड़के जगह जगह से टूटी हुई है। और रास्तों में खड्डे बने हुए हैं। जहा पर रात के अंधेरे में जाने वाले लोग और वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने बारिश के मोसम को देखते हुए जल्द लाइटों को ठीक करने की मांग की है। जिससे होनी वाली दुर्घटना को रोका जा सके।

## सोनिया गांधी जी का 78 जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर चांग गेट महात्मा गांधी सर्किल पे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी जी का जन्मदिन आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में केक काटकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

जन्मदिन समारोह में मुख्य रूप से सखी और हिमानी ने केक काटा। यह आयोजन युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव भुवनेश शर्मा सेवादल के अशोक पंडित के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थे– अशोक पंडित बृजराज दुलगाच, बलूराम सेन, सोहन मेवाड़ा, हिमांशु शर्मा, जयदीप सिंह रावत, राजवीर सिंह भाटी, शैलेंद्र सांखला, मोहित यादव, जब्बार साहब, बहादुर , चंदू , शरीफ , भगवान दास गुजराती, टिंकू चंवरीया, मुंशी सांगेला, महेश, बंटी चंवरीया, मंथन गुप्ता, अरिहंत जैन और रामपाल गहलोत/सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर सोनिया गांधी के नेतृत्व, त्याग और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने एकता और संगठन को मजबूत बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

## सावर पंचायत समिति में प्रशासनिक बदलाव: प्रधान आशा बागड़ी का 5 साल का कार्यकाल समाप्त, डॉ. आस्था शर्मा बनेगी नई प्रशासक

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** राजस्थान सरकार के ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के शासन सचिव एवं आयुक्त डॉ. जोगाराम द्वारा जारी आदेशानुसार, सावर पंचायत समिति की प्रधान आशा बागड़ी का पांच वर्षीय कार्यकाल 11 दिसंबर 2025 को समाप्त हो जाएगा। कार्यकाल पूरा होने के साथ ही उनका पद स्वतः समाप्त हो जाएगा।

राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 (अधिनियम संख्या 13) की धारा 95 और धारा 101 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरकार ने सावर उपखंड अधिकारी डॉ. आस्था शर्मा को सावर पंचायत समिति का प्रशासक नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार, डॉ. शर्मा आगामी पंचायत समिति चुनाव संपन्न होने तक समिति के सभी विकास कार्यों, योजनाओं की निगरानी, वित्तीय अनुमोदन और प्रशासनिक गतिविधियों की जिम्मेदारी संभालेंगी।

सावर पंचायत समिति की प्रधान आशा बागड़ी अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित सीट पर निर्विरोध प्रधान बनी थीं। बताया गया कि पूर्व राजस्थान कांग्रेस सरकार में चिकित्सा मंत्री रहे डॉ. रघु शर्मा के गृह नगर सावर पंचायत समिति में किसी भी वार्ड से कांग्रेस की एससी महिला की सीट नहीं जीत पाई थी, इसलिए आशा बागड़ी निर्विरोध प्रधान बनीं।

वहीं पंचायत समिति के विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा ने बताया कि 11 दिसंबर से सावर पंचायत समिति के सभी विकास कार्य और वित्तीय स्वीकृतियाँ सावर एसडीएम डॉ. आस्था शर्मा के निर्देशानुसार जारी की जाएंगी। इस प्रशासनिक बदलाव के बाद, सावर पंचायत समिति का समस्त कामकाज अब डॉ. आस्था शर्मा की निगरानी में संचालित होगा, और आगामी पंचायत चुनाव तक प्रशासनिक संचालन उनकी देखरेख में रहेगा।

## 60 सरकारी स्कूलों में 3000 स्वेटर वितरण का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल

बड़ीसादड़ी राजकीय उच्च माध्यमिक महात्मा गांधी विद्यालय गुंदरपुर में मंगलवार को समाजसेवी भामाशाह प्रकाश चंद्र मेहता एवं भाजपा नगर अध्यक्ष धनपाल मेहता द्वारा 71 जरूरतमंद विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर वितरित कर इस वर्ष शरद ऋतु के स्वेटर वितरण अभियान की शुरुआत की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश चंद्र मेहता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहां की 'जरूरतमंद की सहायता करना ही समाज की सबसे बड़ी सेवा है उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और शिक्षा को जीवन की प्राथमिकता बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को नशा-मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। संस्था प्रधान श्रीमती देवकन्या रेगर ने कहा कि धनपाल मेहता प्रतिवर्ष जरुरतमंद विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्र एवं स्वेटर प्रदान कर रहे हैं। कई वर्षों से जरूरतमंद विद्यार्थियों की लगातार मदद की वजह से अब मेहता को क्षेत्र में भामाशाह के रुप में जाना जाने लगा है। शारीरिक शिक्षक उदय सिंह रावत ने बताया कि भामाशाह मेहता ने 12 वर्षों में 36000 से अधिक जरूरतमंदों को स्वेटर जैकेट स्कूल ड्रेस स्कूल बैग टोपे मोजे की मदद कर चुके है। मेहता सर्दी प्रारंभ होते ही दूर दराज के सरकारी स्कूलों में जरुरतमंद विद्यार्थियों को ढूंढने निकल पड़ते है। सर्दी की ऋतु में जरुरतमंद विद्यार्थियों को कड़ाके की सर्दी से बचाने के लिए हर रोज किसी न किसी स्कूल में स्वेटर बांटते नजर आते है। भाजपा नगर अध्यक्ष धनपाल मेहता ने बताया कि इस वर्ष 60 विद्यालयों के 3000 बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर वितरित किए जाएंगे स्वेटर वितरण का कार्य प्रतिदिन 20 जनवरी तक चलेगा। उन्होंने समाज के सभी नागरिकों से अपील की कि वे भी जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए आगे आएँ एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद करें दीपक धाकड़ राजेंद्र कुमार ने तिलक साफा व उपरना पहनाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रियांशी मेहता मोहित मेहता पूर्व सरपंच नाथू सिंह मीणा उपसरपंच ओंकार सिंह मीणा प्रीतम कुमार गरासिया दिनेश कुमार मीणा अंबालाल मीणा इंदु बेन डिंडोर संविदा कर्मी विधीत रावल प्रीतेश जैन ग्रामीणजन विद्यालय स्टाफ व सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



## मंडलायुक्त द्वारा विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत किया गया निरीक्षण



स्मार्ट हलचल | सहारनपुर

मंडलायुक्त डॉक्टर रूपेश कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन, नो मैपिंग और एएसडी के सम्बन्ध में मतदेय स्थल 172, 173 एवं 369 से 381 का निरीक्षण किया गया।

इस सम्बन्ध में उन्होंने निर्देश दिए कि गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन, नो मैपिंग और एएसडी के बिंदुओं पर बीएलओ द्वारा बारीकी से मिलान कर लिया जाए। इसके साथ ही राजनैतिक दलों के बीएलए को एएसडी की प्रति उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें ताकि अंतिम ड्राफ्ट पब्लिकेशन के समय किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। छूटे हुए मतदाताओं को नियमानुसार फॉर्म 6 भरवाकर समस्त प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए कार्य को संजीदगी के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जनपद सहारनपुर के मतदान केन्द्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय खलासी लाईन, रेलवे कॉलोनी सहारनपुर में स्थित मतदेय स्थल 172 व 173 तथा मतदान केन्द्र जे. वी. जैन कॉलेज सहारनपुर में स्थित भाग सं0-369 से 381 तक का दिनांक स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि विधानसभावार निर्वाचक क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का त्रुटि रहित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ईसीआईनेट, डिजिटाईजेशन एवं नो मैपिंग के बिन्दुओं का परीक्षण करते हुए 11 दिसंबर से पूर्व शतप्रतिशत कार्य कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर आयुक्त रमेश यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, एस डी एम सदर सुबोध कुमार एवं तहसीलदार सदर जसमेंद्र उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी के बनारस में 377वें दिन भी भड़का बिजली कर्मियों का गुस्सा

स्मार्ट हलचल

**वाराणसी।** उत्तर-प्रदेश के पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के खिलाफ चल रहा बिजलीकर्मियों का महाआंदोलन आज मंगलवार को 377वें दिन भी पूरे जोश के साथ बनारस में फूटा। अधीक्षण अभियंता कार्यालय सिगरा पर पेंशनर्स, नियमित कर्मचारियों और महिलाकर्मियों ने एलएमवी -10 श्रेणी में स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2000 में राज्य सरकार व संयुक्त संघर्ष समिति के बीच हुए समझौते को लागू करने की मांग उठाई।

इस दौरान कर्मचारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालने व निजीकरण की राह आसान करने वाला कदम है, जिसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभा में यह तय हुआ कि पेंशनर्स और संघर्ष समिति संयुक्त रूप से प्रबंध निदेशक को मांगपत्र सौंपेंगे जिसमें सभी कर्मचारियों और पेंशनर्स की समस्याओं का विस्तार से उल्लेख होगा। संविदाकर्मियों की बिना मानक हो रही छंटनी को अत्याचार बताते हुए संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रबंध निदेशक से मिलकर हस्तक्षेप की मांग करेगा क्योंकि छंटनी से न केवल हजारों परिवारों की जीविका खतरे में पड़ रही है बल्कि राजस्व वसूली और अनुरक्षण कार्य भी प्रभावित होने की आशंका है।

आंदोलनकारी नेताओं ने बताया कि बिजली निजीकरण और इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के विरोध में अब बिजलीकर्मियों को किसान संगठनों और ऑल इंडिया ट्रेड यूनियनों का भी मजबूत साथ मिल गया है। इसी एकजुटता को अंतिम रूप देने और देशव्यापी संघर्ष की रूपरेखा तय करने के लिए 14 दिसंबर को दिल्ली में बड़ी बैठक बुलाई गई है, जिसमें निर्णायक कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पूरे ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण की दिशा में बढ़ाया जा रहा कदम, राज्यों पर निजीकरण के विकल्प थोपने का दबाव और बिल 2025 का ड्राफ्ट जनता के हितों पर गहरा प्रहार है। इसलिए यह लड़ाई अब केवल कर्मचारियों की नहीं बल्कि हर उपभोक्ता की है।

सभा को ई. ए.के. सिंह,आतिन गांगुली, आर.के. वाही,ई.अवधेश मिश्रा, ओ.पी. सिंह,अंकुर पांडेय, हेमंत श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह, अभिषेक शुक्ला,आशुतोष पांडेय, जियुतलाल, के.पी. दुबे, सुरेशचंद, राजेश श्रीवास्तव और गुलशन कुमार ने संबोधित किया। जानकारी मीडिया प्रभारी अंकुर पांडेय ने दी कि संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर है। सरकार यदि नहीं मानी तो आंदोलन ह्यह्लड्ढह्लद्ग-2द्बस्त्रद्ग से ठ्ठड्डह्लद्बश्ठ2द्बस्त्रद्ग रूप में उभरकर सामने आएगा।

**भाजपा के नवनियुक्त जयपुर संगठन सह प्रभारी बनने पर पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा का किया स्वागत**

## पार्टी के हर दायित्वो को निभाने के लिए तैयार हू-देवीशंकर भूतड़ा

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** ब्यावर भाजपा के नवनियुक्त जयपुर संगठन सह प्रभारी देवीशंकर भूतड़ा का ब्यावर मे भाजपा कार्यकर्ताओं में स्वागत किया। मण्डल महामंत्री सन्तोष जाग्रत ने बताया की चांग गेट कार्यालय पर भाजपा पूर्व जिला महामंत्री पवन जैन व भाजपा नेता बृजकिशोर शर्मा व शिवप्रकाश सांमरिया चेतन गोयर सहित कार्यकर्ताओं ने साफा माला पहनाकर अभिनंदन किया। पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान और जनता से जुड़कर काम करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

स्वागत कार्यक्रम मे मण्डल अध्यक्ष रवि चौहान, जयसिंह सुहावा, सन्तोष रावत, प्रदीप रावत मंडल उपाध्यक्ष बुधराज शर्मा देवकीनंदन शर्मा महामंत्री सत्येंद्र यादव, हिमाशु शर्मा राजेश्वरी यादव, शिखा गुप्ता कंचन रावत लिला रावत एडवोकेट यज्ञेश शर्मा, तारा सोनी, चंदन बिलोनिया हेमंत चंदेल,हेमंत शर्मा जितेंद्र कांवडिया डुंगर सिंह रावत,दिपक चौहान, विपिन गुजराती, प्रमोद महावर, प्रकाश माली, मुकेश सामरिया एडवोकेट जितेंद्र ठठेरा मनीष बंसल, अंकुर मित्तल, मनिक मोदी, रमेश दगदी जितेंद्र सोनी, मुकेश घांवरी, लक्ष्मण सिंह हुड्डा, प्रभु सिह रावत, नरेंद्र सिंह रावत कुंजबिहारी तोलम्बिया, श्रीकिशन जागिंड, राज जागिंड, सुरेश गहलोत नवीन महेता, तिलोक तालेपा रूपेश कोठारी, बाबूलाल चौहान, बलवंत सिंह, मुछ्च्ल आदी कार्यकर्ताओ ने गर्म जोश से स्वागत किया।

## राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर का किया सम्मान

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** अमन दिव्यांग दीन दुःखी सेवा संस्थान ब्यावर जिला ब्यावर के मोहम्मद सलीम रंगरेज़ ने बताया कि राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय ब्यावर के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अनिरूद्ध जी भार्गव को उनके द्वारा मानसिक रोग के प्रति जागरूकता फैलाने तथा समाज मे सामुहिक समरसता को प्रोत्साहन देने के प्रयासों को ध्यान में रखते हुए। प्रतिष्ठित अटल सार्क गौरव अवार्ड से पुर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी कि जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा जयपुर के रोटरी भवन सभागार मे सम्मानित होने व यह सम्मान पा कर पुरे राजस्थान मे राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय का सम्मान बढाने पर संस्थान के द्वारा साफा बंधा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। इसी सम्मान मे मोहम्मद सलीम रंगरेज़, राकेश



शर्मा, हरजी सिंह रावत, मेहबूब अली, कोशल जटिया, कन्हैया लाल शर्मा, कन्हैया लाल सिंघाडिया, सुखदेव सिंह रावत, सीमा रावत, रोहित हलदानिया, हरफुल जाट आदि सम्मिलित हुए।

## छुहारा या खजूर, कौन है सेहत के लिए सबसे फायदेमंद? आयुर्वेदिक डॉक्टर ने खोल दिया राज!



सेहतमंद रहने के लिए अक्सर लोग अपनी डाइट में तरह-तरह के ड्राई फ्रूट्स शामिल करते हैं। हर ड्राई फ्रूट के अपने फायदे होते हैं और हर किसी की प्रकृति भी अलग होती है। इसलिए कोई भी ड्राई फ्रूट तभी पूरा फायदा करता है, जब इसे अपनी जरूरतों के अनुसार सही समय और मात्रा में खाया जाए। उदाहरण के लिए खजूर और छुहारा, दोनों ही बड़े पॉपुलर ड्राई फ्रूट हैं और अक्सर लोग इन्हें एक जैसा ही समझते हैं। जबकि आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ रॉबिन शर्मा बताते हैं कि छुहारा और खजूर, दोनों की प्रकृति काफी अलग है। अगर सही मौसम में और अपनी जरूरत के मुताबिक आप इनमें से सही ड्राई फ्रूट नहीं खा रहे हैं, तो फायदे की जगह नुकसान भी हो सकता है। आइए विस्तार में जानते हैं।

### अलग-अलग होती है दोनों की प्रकृति

डॉ रॉबिन कहते हैं कि खजूर और छुहारा, दोनों की प्रकृति यानी नेचर एकदम अलग-अलग होता है। खजूर ठंडी तासीर का होता है और वात,पित्त प्रकृति वाली के लिए लाभदायक होता है। इसलिए इसे गर्मियों में खाना फायदेमंद रहता है। वहीं छुहारे की तासीर गर्म होती है और ये वात, कफ प्रकृति वाले लोगों के लिए फायदेमंद होता है। इसी वजह से इसे सर्दियों में खाना ज्यादा सही माना जाता है।

### किन लोगों को खाना चाहिए खजूर?

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक खजूर थकावट और कमजोरी को दूर करने में काफी फायदेमंद होता है। इसके अलावा ये पेशाब की रुकावट को भी कम करता है। खजूर में एंटीऑक्सीडेंट्स भी भरपूर मात्रा में होते हैं, जो इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद करते हैं। इसके अलावा ये हार्ट हेल्थ, ब्लड प्रेशर और नर्व फंक्शन को बेहतर करने में भी काफी मदद करता है। हालांकि इसमें नेचुरल शुगर काफी ज्यादा होती है, इसलिए डायबिटीज वालों को कम मात्रा में इसका सेवन करना चाहिए।

### छुहारा खाने से क्या फायदे मिलेंगे?

रॉबिन बताते हैं कि छुहारा शारीरिक कमजोरी को दूर करता है और पौरुषत्व में वृद्धि करता है। पुरुषों के लिए दूध के साथ छुहारा लेना बहुत फायदेमंद होता है। इसे खाने से पेशाब कम आता है। साथ ही इसमें आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है और ये इंस्टेंट एनर्जी के लिए परफेक्ट है। ये पाचन और कब्ज में भी हल्की राहत देने का काम करता है।

# सर्दियों में कुछ ही दिन मिलती है ये सब्जी, खाएं जरूर क्योंकि इसमें कई लाजवाब फायदे

**सर्दियों की शुरुआत होते ही भरतपुर की सब्जी मंडियां रतालू की वजह से फिर से जीवंत हो उठी हैं। ठंड के मौसम में मिलने वाली यह मौसमी सब्जी स्वाद, पौष्टिकता और शरीर को गर्म रखने के गुणों के कारण लोगों की पहली पसंद बन गई है। साथ ही, इसकी खेती से किसानों को भी अच्छा मूल्य मिल रहा है।**





### रतालू : सर्दियों की खास सब्जी

रतालू सालभर नहीं मिलती और केवल ठंड के मौसम में खेतों से सीधे बाजार तक आती है। इसी वजह से इसका इंतजार हर घर में रहता है। ठंड के साथ ही इसकी सप्लाई बढ़ती है और लोग इसे बड़ी मात्रा में खरीदते हैं। यह शरीर को प्राकृतिक रूप से गर्म रखने और ऊर्जा देने का काम करती है।

### स्वाद और पोषण में बेमिसाल

फाइबर : पाचन को दुरुस्त रखता है।

आयरन : कमजोरी और थकान को दूर करता है।

विटामिन बी6 और पोटैशियम : शरीर को फिट रखने में मदद करते हैं।

आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर के अनुसार, रतालू बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर लोगों के लिए बेहद फायदेमंद है।

कहां होती है खेती और क्यों पसंद की जाती है?

भरतपुर और आस-पास के इलाकों जैसे रूपवास, कुम्हेर और बयाना में रतालू की खेती होती है। खेतों से सीधे मंडी पहुंचने के कारण यह ताजी और उच्च गुणवत्ता वाली सब्जी मानी जाती है। किसानों के अनुसार इसकी बढ़ी हुई मांग उन्हें अच्छा मूल्य देती है।

कैसे खाएं रतालू: रतालू का हल्का मीठा और मुलायम स्वाद इसे हर उम्र के लोगों के लिए पसंदीदा बनाता है। इसे आप उबालकर, भूनकर, या मसालेदार सब्ज़ी के रूप में पका सकते हैं।

आगामी दिनों में बढ़ती मांग : सर्दियों में रतालू की मांग और बढ़ने की संभावना है। इसकी उपलब्धता न सिर्फ ठंड का स्वागत कराती है, बल्कि लोगों की स्वाद और सेहत दोनों में रंग भरती है।

### किन लोगो को रतालू नहीं खाना चाहिए या सावधानी से खाएं

पाचन समस्या वाले लोग : अगर किसी को अत्यधिक गैस, अपच या एसिडिटी की समस्या है, तो रतालू का सेवन सीमित मात्रा में करें। क्योंकि इसमें फाइबर और स्टार्च की मात्रा अधिक होती है।

डायबिटीज मरीज: रतालू में कार्बोहाइड्रेट अधिक होता है। डायबिटीज के मरीज इसे सीमित मात्रा में ही खाएं और अपने ब्लड शुगर स्तर की निगरानी करें।

किडनी की समस्या वाले लोग : रतालू में पोटैशियम होता है। अगर किडनी की समस्या है और पोटैशियम की मात्रा सीमित करने की सलाह दी गई है, तो रतालू से बचें।

ज्यादा मोटापा या वजन बढ़ाने की समस्या वाले लोग: क्योंकि इसमें स्टार्च और कैलोरी होती है, अत : वजन नियंत्रित करने वाले लोग इसे संतुलित मात्रा में ही खाएं।

अत्यधिक ठंड लगने वाले लोग: आयुर्वेद के अनुसार, रतालू ठंडी प्रकृति की होती है। जिनको ठंड से ज्यादा परेशानी होती है, उन्हें इसे थोड़ी मात्रा में और गर्म मसालों के साथ खाना चाहिए।

# जिम वालों के लिए कौन सा प्रोटीन सबसे बेस्ट! चिकन, अंडा या पनीर



जिम में घंटों पसीना बहाने के बावजूद अक्सर लोग शिकायत करते हैं कि मसल्स ठीक से बन नहीं रहे। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि मसल्स ग्रोथ में वर्कआउट से ज्यादा अहम रोल डाइट का होता है, खासकर प्रोटीन का। प्रोटीन ही शरीर की मसल्स को रिपेयर करता है, उन्हें मजबूत बनाता है और तेजी से ग्रोथ देता है। लेकिन सवाल यह है कि इतनी सारी प्रोटीन वाली चीज़ों में से असल में बेस्ट क्या है अंडा, चिकन या पनीर? आइए समझते हैं किस फूड में कैसी प्रोटीन मिलती है और जिम लवर्स के लिए कौन सबसे बेहतर साबित होता है।

अंडा: कंप्लीट प्रोटीन का पावरहाउसअंडे को प्रोटीन का सबसे बेहतरीन और आसान स्रोत माना जाता है, क्योंकि इसमें सभी 9 जरूरी अमीनो एसिड मौजूद होते हैं, जो सीधे मसल्स की ग्रोथ और रिकवरी में मदद करते हैं। शरीर अंडे के प्रोटीन को बेहद तेजी से अवशोषित कर लेता है, जिससे वर्कआउट के बाद मांसपेशियों की हीलिंग जल्दी होती है। इसकी जर्दी में मौजूद हेल्दी फैट्स और विटामिन क्च12 एनर्जी लेवल बढ़ाते हैं और शरीर को पूरे दिन एक्टिव रखते हैं। चाहे आप उबला अंडा खाएं, ऑमलेट बनाएं या स्क्रैम्बल हर रूप में अंडा मसल्स बनाने के लिए सुपर फायदेमंद है।

### चिकन और लीन मीट

नॉन-वेज डाइट लेने वालों के लिए चिकन और लीन मीट मसल्स बिल्डिंग के सबसे मजबूत और भरोसेमंद प्रोटीन स्रोत माने जाते हैं। 100 ग्राम चिकन में लगभग 25-30 ग्राम हाई-क्वालिटी प्रोटीन मिलता है, जिसे शरीर बेहद आसानी से अवशोषित कर लेता है। इसमें मौजूद मिनरल्स और आवश्यक अमीनो एसिड मसल्स को तेजी से रिपेयर करते हैं और ग्रोथ को बूस्ट करते हैं। इसके साथ ही मछली और मटन जैसे अन्य मीट भी बेहतरीन विकल्प हैं। इनमें न सिर्फ क्वालिटी प्रोटीन मिलता है, बल्कि आयरन और ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व भी होते हैं, जो रिकवरी को तेज करते हैं और शरीर को ज्यादा स्ट्रॉन्ग बनाते हैं।

### पनीर

वेजिटेरियन लोगों के लिए पनीर किसी सुपरफूड से कम नहीं। इसमें मौजूद केसिन प्रोटीन धीरे-धीरे पचता है, जिससे शरीर को लंबे समय तक लगातार प्रोटीन मिलता रहता है। खासतौर पर रात के भोजन में पनीर शामिल करना बेहद फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि यह मसल ब्रेकडाउन को रोकने में मदद करता है। सब्जी, सलाद से लेकर पनीर टिक्का तक हर फॉर्म में यह शरीर को पोषण देता है। साथ ही, यह पेट भरने के साथ हेल्दी वेट गेन में भी सहयोगी साबित होता है।

क्या सप्लीमेंट्स की जरूरत पड़ती है?

सप्लीमेंट्स तभी लेने चाहिए जब आपकी नियमित डाइट आपकी प्रोटीन या न्यूट्रिशन की जरूरत पूरी न कर पाए। ऐसे में व्हे प्रोटीन या प्लांट-बेस्ड प्रोटीन अच्छे विकल्प हो सकते हैं। हालांकि, सप्लीमेंट चुनते समय यह जरूर देखें कि उसमें कम केमिकल्स हों और अमीनो एसिड प्रोफाइल उच्च गुणवत्ता वाला हो, ताकि शरीर को अधिकतम लाभ मिल सके।

### जामें प्रोटीन का असर कैसे बढ़ाएं

दिन भर थोड़ा-थोड़ा प्रोटीन खाएं। एक बार में बहुत ज्यादा प्रोटीन लेने से शरीर उसे पूरी तरह उपयोग नहीं कर पाता, और इसका फायदा भी कम हो जाता है। इसलिए बेहतर यही है कि दिन भर में छोटे-छोटे हिस्सों में प्रोटीन शामिल करें। इससे मसल्स को लगातार अमीनो एसिड मिलता रहता है और रिकवरी भी तेज होती है।

### सही कॉम्बिनेशन बनाएं

सही फूड कॉम्बिनेशन मसल्स को पूरा अमीनो एसिड प्रोफाइल देने में मदद करता है। जैसे दाल+चावल, पनीर+सलाद या अंडा+ओट्स जैसे कॉम्बो शरीर में प्रोटीन की क्वालिटी को बेहतर बनाते हैं। ये संयोजन न सिर्फ डाइजेशन आसान करते हैं बल्कि मसल रिकवरी और स्ट्रेंथ बढ़ाने में भी कारगर साबित होते हैं।

### वर्कआउट के 30-60 मिनट के अंदर प्रोटीन लें

वर्कआउट के बाद शरीर की मसल्स सबसे ज्यादा थकी हुई होती हैं और उसी समय उन्हें प्रोटीन की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है। इसलिए एक्सरसाइज खत्म होने के 30-60 मिनट के भीतर प्रोटीन लेना बेहद फायदेमंद माना जाता है। इस टाइम विंडो में लिया गया प्रोटीन तेजी से अवशोषित होता है, जिससे मसल रिकवरी दोगुनी तेजी से होती है, ह्यश्व्द्गद्दह्यद्ग्ह्य कम होती है और मसल ग्रोथ भी बेहतर तरीके से शुरू हो जाती है। यही वजह है कि फिटनेस एक्सपर्ट इसे गोल्डन विंडो कहते हैं।

### पानी ज्यादा पिएं

जब आप हाई-प्रोटीन डाइट लेते हैं, तो शरीर को प्रोटीन को पचाने और अवशोषित करने में अधिक पानी की जरूरत होती है। पर्याप्त पानी न मिलने पर पाचन धीमा हो सकता है, कब्ज या ब्लोटिंग जैसी दिक्कतें भी बढ़ सकती हैं। इसलिए हाई-प्रोटीन भोजन के साथ पूरे दिन नियमित रूप से पानी पीना बेहद जरूरी है। अच्छी हाइड्रेशन न सिर्फ पाचन को आसान बनाती है, बल्कि मसल रिकवरी, एनर्जी लेवल और किडनी फंक्शन को भी सपोर्ट करती है। दिनभर में थोड़ा-थोड़ा पानी पीने से शरीर में प्रोटीन का अवशोषण बेहतर होता है और डाइट का फायदा भी ज्यादा मिलता है।

### तो जानें आखिर बेस्ट क्या है

नॉन-वेज खाने वालों के लिए : चिकन + अंडा सबसे तेज़ और असरदार मसल-बिल्डिंग प्रोटीन।

वेजिटेरियन के लिए : पनीर + दाल + दही/दूध मसल ग्रोथ का बेस्ट कॉम्बो।

जिन्हें फैट कम और प्रोटीन ज्यादा चाहिए : अंडा और चिकन सबसे उपयुक्त।

हर फूड में प्रोटीन है, लेकिन आपका लक्ष्य, आपकी बॉडी और आपकी डाइट तय करती है कि कौन सा प्रोटीन आपके लिए सबसे बेहतर है। सही प्रोटीन चुनेंगे, तभी सही मसल्स बनेंगे।

# पानी गर्म रखने वाली बोतल से आ रही गंदी बदबू तो दूर करने का ये तरीका जान लें

सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में पानी, चाय या किसी लिक्विड चीज को रखने के लिए थर्मोफ्लास्क वाली बोतल का इस्तेमाल ज्यादातर लोग करते है। जिससे की खाने-पीने का सामान देर तक गर्म बना रहे। लेकिन बोतल लगातार कई महीनों से बंद पड़ी होने की वजह से उसमे से बदबू कर रही है। और कई बार साफ करने के बाद भी ये बदबू पूरी तरह नहीं जा रही। तो इन ट्रिक्स को ट्राई करें। जिनकी मदद से बोतल से आ रही सारी बदबू साफ हो जाएगी और दोबारा से यूज करने लायक बन जाएगी।

### चावल और नमक से करें सफाई

पानी गर्म रखने वाली बोतल यानी थर्मोफ्लास्क की बोतल से बदबू आ रही है और वो साबुन से धुलाई के बाद भी नहीं जा रही। तो बस ये आसान सी ट्रिक ट्राई कर लो। जिसकी मदद से ये बदबू एक बार में ही गायब हो जाएगी। बस इसके लिए बोतल में करीब एक चम्मच चावल के दाने डाल दें। साथ ही



एक चम्मच सेंधा नमक भी डाल दें। अब इसमे एक कप के करीब पानी डालें। और, जोर से हिलाएं। इसे करीब पांच मिनट हिलाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। फिर पानी से अच्छी तरह से साफ कर दें। ऐसा करने से बोतल की तली में लगी सफेदी और गंदगी भी अच्छी तरह से साफ हो जाएगी।

### नींबू और नमक

अगर बोतल की गंदी बदबू जा ही नहीं रही है तो ये नुस्खा आजमाएं। बोतल में गर्म पानी करीब आधा कप डाल दें। साथ ही उसमे नींबू का रस निचोड़ दें और साथ ही एक चम्मच सेंधा नमक डाल दें। सारी चीजों को शेक करें और अच्छी तरह से हिलाएं। फिर करीब आधे घंटे के लिए बोतल में नींबू का पानी और नमक छोड़ दें। फिर आधे घंटे बाद सफाई करेंगे तो बोतल की सारी गंदगी साफ हो जाएगी और साथ ही बदबू भी खत्म हो जाएगी। नींबू की वजह से फ्रेशनेस आने लगेगी।

### चाय की पत्ती से बदबू होगी दूर

थर्मोफ्लास्क की बोतल में बदबू आने का कारण अक्सर चाय ही होती है। दूध वाली चाय को जब बोतल में रखा जाता है तो उसकी बदबू भर जाती है। लेकिन चाय की मदद से ही इसकी बदबू को दूर किया जा सकता है। बस गर्म पानी से बोतल भर दें। फिर इसमे थोड़ी सी चाय की पत्ती या फिर टी बैग डाल दें। करीब दो से तीन घंटे के बोतल से सारी बदबू दूर हो जाएगी। बस चाय हटाकर बोतल को अच्छी तरह से धो दें। सारी बदबू दूर हो जाएगी।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com